वर्ष-14 - अंक 138
पृष्ट-08 मूल्य : 02 रुपया

सीतापुर
गुरुवार ,27 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.......
9511151254


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

डीएम साहब! जरा एक नजर इधर भी........................ 3
मनुष्यों के प्रति मच्छरों के आकर्षण का राज............................ 4
प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बोर्ड को मिली वसूली की शक्ति.................... 08

## हरियाणा की मिट्टी में केवल अन्न ही नहीं, चैंपियन भी पैदा होते हैं : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़(एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को पंचकूला में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 के पदक विजेताओं एवं प्रतिभागियों के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर 24 खिलाड़ियों को 13 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, सांसद रेखा शर्मा, मेयर श्यामलाल गुप्ता, खेल विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार, खेल विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता, , खिलाड़ी और उनके परिजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए कहा कि किसी खिलाड़ी की कहानी पदक से शुरू नहीं होती। उसकी कहानी उस मिट्टी से शुरू होती है, जहां उसने पहली बार दौड़ना सीखा, उस मैदान से जहां उसने पहली बार हार का सामना किया और उन सुबहों से, जब बाकी दुनिया सो रही होती है और वह अपने सपने के लिए पसीना बहा रहा होता है। उसके पीछे माता-पिता का विश्वास, गुरु का अनुशासन और हर हार के बाद फिर उठ खड़े होने का संकल्प होता है। पोडियम पर खड़ा खिलाड़ी कुछ क्षणों के लिए पूरी दुनिया को दिखाई देता है, लेकिन उस पोडियम तक पहुंचने का वर्षों का संघर्ष दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि ग्लासगो



में हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपने दमखम और प्रतिभा का डंका पूरी दुनिया में बजाया है। आज हर हरियाणवी का सीना गर्व से चौड़ा है और खिलाड़ियों की उपलब्धियों की खुशी पूरे हरियाणा में उत्सव बनकर छाई हुई है। हरियाणा की मिट्टी की सबसे बड़ी खासियत यही है कि यहां खेतों में सिर्फ अन्न नहीं उगता, यहां चैंपियन भी पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी में हरियाणा की हिस्सेदारी महज 2 प्रतिशत है, लेकिन इन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले 122 खिलाड़ियों में 24 खिलाड़ी हरियाणा के थे और इनमें से लगभग हर दूसरा खिलाड़ी पदक लेकर लौटा। हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक जीते, जिनमें 7 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। इस प्रकार देश की कुल पदक संख्या में हरियाणा के खिलाड़ियों का योगदान 28 प्रतिशत से अधिक रहा है। यह महज आंकड़ा नहीं है, बल्कि हरियाणा की खेल प्रतिभा, मेहनत और जुझारूपन की वह ताकत है, जिसने दुनिया के मंच पर एक बार फिर तिरंगे की शान बढ़ाई है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पौने तीन करोड़ जनता तथा अपनी ओर से ग्लासगो में तिरंगा ऊंचा करने वाले हरियाणा के पदक विजेताओं और प्रत्येक प्रतिभागी खिलाड़ी का हृदय की गहराइयों से अभिनंदन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के माता-पिता और प्रशिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कदम-कदम पर खिलाड़ियों का साथ दिया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। आज हम केवल पदकों का सम्मान नहीं कर रहे हैं, बल्कि उस तपस्या, संघर्ष और संकल्प का सम्मान कर रहे हैं, जिसने इन पदकों को जन्म दिया है। किसी खिलाड़ी के गले में आने वाला पदक केवल उसकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होता, उसमें उसके परिवार का त्याग, गुरु का मार्गदर्शन और पूरे प्रदेश की उम्मीदें भी शामिल होती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2028, 2032 और 2036 के ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों के बलबूते भारत दुनिया की बड़ी खेल शक्ति के रूप में उभरेगा। आज ग्लासगो में खिलाड़ियों ने तिरंगा ऊंचा किया है और आने वाले वर्षों में वे ओलंपिक के पोडियम पर भी तिरंगा ऊंचा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 39 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त किया। यह खिलाड़ियों की इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस गौरवशाली अभियान में हरियाणा ने एक बार फिर अपनी अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से प्रदेश की बेटियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा जीते गए 11 पदकों में से 6 पदक बेटियों के हैं, जिनमें 5 स्वर्ण पदक शामिल हैं। मुक्केबाजी रिंग में भी हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा और भारत के 7 स्वर्ण पदकों में से 6 स्वर्ण हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते।

## वायु सेना प्रमुख आज गोरखपुर आएंगे छात्रों और युवाओं से करेंगे संवाद

**लखनऊ(एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह 27 अगस्त को गोरखपुर के दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह गोरखपुर के दूरस्थ गांव माथाबारी का भ्रमण कर ग्रामीणों, विद्यार्थियों और युवाओं से सीधे संवाद करेंगे। वायु सेना प्रमुख ग्रामीणों के जीवन, उनकी जरूरतों, आकांक्षाओं और स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली चुनौतियों को समझने का प्रयास करेंगे। दौरे के दौरान एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह रामाश्रय ग्राम विकास संस्थान, साखी और माथाबारी का दौरा करेंगे। वह संस्थान से जुड़े लोगों से बातचीत कर क्षेत्र में समाज के विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेंगे। वायु सेना प्रमुख सरस्वती गुरुकुल का भी भ्रमण करेंगे। यहां वह विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करेंगे। इस दौरान बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। वायु सेना प्रमुख विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और उपलब्ध अवसरों का बेहतर उपयोग करने का संदेश देंगे। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए देश के सर्वोच्च सैन्य अधिकारियों में शामिल वायु सेना प्रमुख से सीधे संवाद का यह अवसर विशेष प्रेरणादायक माना जा रहा है। दौरे के दौरान एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह स्थानीय युवाओं से भी बातचीत करेंगे। वह युवाओं की



दौरे के दौरान एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह रामाश्रय ग्राम विकास संस्थान, साखी और माथाबारी का दौरा करेंगे। वह संस्थान से जुड़े लोगों से बातचीत कर क्षेत्र में समाज के विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेंगे। वायु सेना प्रमुख सरस्वती गुरुकुल का भी भ्रमण करेंगे।

आकांक्षाओं, उनके सामने मौजूद अवसरों और चुनौतियों को समझेंगे। साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा और प्रतिभा होती है। सही दिशा और अवसर मिलने पर वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वायु सेना प्रमुख गांव के ग्रामीणों से भी अनौपचारिक एवं आत्मीय बातचीत करेंगे। ग्रामीण उन्हें अपने अनुभव, आवश्यकताओं और क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं से अवगत करा सकेंगे। इस संवाद का उद्देश्य सशस्त्र बलों और आम नागरिकों के बीच विश्वास एवं अपनत्व के संबंध को और मजबूत करना है। गोरखपुर के एक दूरस्थ गांव में वायु सेना प्रमुख का भ्रमण अपने आप में विशेष अवसर माना जा रहा है। यह दौरा इस संदेश को भी मजबूत करेगा कि देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सशस्त्र बल समाज के हर वर्ग के साथ जुड़े हुए हैं। वायु सेना प्रमुख का ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद उन्हें नई दिशा और प्रेरणा देने के साथ सैनिकों एवं नागरिकों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### दवा वितरण में लापरवाही पर कार्रवाई

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के तहत लाभार्थियों को समय पर दवाइयां उपलब्ध नहीं कराने वाली निजी फार्मेसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। करीब दो माह से आरजीएचएस के अंतर्गत कार्य नहीं करने और लाभार्थियों को दवा उपलब्ध नहीं कराने वाली 215 निजी फार्मेसियों का टीएमएस अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में आरजीएचएस की दवा वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि लंबे समय से दवा उपलब्ध नहीं कराने वाली फार्मेसियों को पहले स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने अथवा कारण बताओ नोटिस का उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित फार्मेसियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही अब भी बेहद कम

**सिंगापुर।** रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही मंगलवार को भी सामान्य से काफी कम रही। शिप-ट्रैकिंग कंपनी केप्लर के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को जलडमरूमध्य से केवल पांच मालवाहक पोत गुजरे, जबकि पिछले 10 दिनों में यहां से औसतन 15 पोत प्रतिदिन गुजर रहे थे। इससे क्षेत्र में समुद्री परिवहन की स्थिति सामान्य नहीं होने के संकेत मिल रहे हैं। रॉयटर्स के अनुसार, मंगलवार को दो तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर और बिटुमेन ले जा रहा एक टैंकर जलडमरूमध्य से बाहर निकला। वहीं, दो खाली उत्पाद टैंकर अंदर दाखिल हुए। इससे एक दिन पहले सोमवार को केवल एक पोत के गुजरने की सूचना मिली थी। हालांकि, केप्लर के आंकड़े प्रारंभिक हैं और इनमें आगे बदलाव हो सकता है। इसका एक कारण यह है कि कुछ जहाज समुद्री यात्रा के दौरान अपना ट्रांसपोंडर बंद कर देते हैं। ऐसी स्थिति में शिप-ट्रैकिंग प्रणाली में उनकी आवाजाही दर्ज नहीं हो पाती। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। यहां जहाजों की आवाजाही में कमी ऐसे समय में देखी जा रही है, जब ईरान और ओमान इस मार्ग से नौवहन बहाल करने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

## लखनऊ-बेंगलुरु इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी, जांच में फर्जी निकली

### विमान की गहन तलाशी के बाद यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** लखनऊ से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की उड़ान में बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, सुरक्षा जांच के दौरान विमान में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जांच के बाद धमकी को फर्जी पाया गया और विमान को दोबारा उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई321 बेंगलुरु पहुंचने के दौरान बम की धमकी की सूचना सामने आई। इसके बाद विमान से जुड़े सभी निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल तत्काल लागू किए गए। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद यात्रियों को ग्राउंड स्टाफ की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और संबंधित सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। अधिकारियों ने विमान की पूरी तरह से तलाशी ली। सामान



और विमान के विभिन्न हिस्सों की जांच की गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद अधिकारियों ने विमान को सुरक्षित घोषित करते हुए दोबारा उड़ान भरने की अनुमति दे दी। एयरलाइन के अनुसार, इस घटना का लखनऊ एयरपोर्ट के संचालन या वहां की सुरक्षा व्यवस्था से कोई संबंध नहीं है। बम की धमकी से जुड़ी सूचना विमान के बेंगलुरु पहुंचने के बाद सामने आई थी। इसके बाद बेंगलुरु एयरपोर्ट पर निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया के तहत विमान की जांच की गई। इससे पहले 18 अगस्त को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशाखापत्तनम जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 208 को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। धमकी ईमेल के माध्यम से मिलने के बाद सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की गहन जांच की थी। जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। वहीं, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी एक यात्री के कथित मजाक से हड़कंप मच गया था। सुरक्षा जांच के दौरान यात्री ने अपने बैग में बम होने की बात कही थी। इसके बाद दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान को उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने यात्री को विमान से उतारकर हिरासत में लिया था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बाद हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एजेंसियां अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं।

### देश में चीनी की कोई कमी नहीं, मांग के मुताबिक आपूर्ति मौजूद : केंद्र

**नई दिल्ली ।** देश में चीनी की कोई कमी नहीं हैं और अक्टूबर में नए क्रशिंग सीजन शुरू होने से पहले मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है। यह जानकारी सरकार की ओर से बुधवार को दी गई। सरकारी फैक्टशीट के मुताबिक, एथेनॉल बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली चीनी का हिस्सा 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में लगभग 9 प्रतिशत हो गया है। साथ ही, कहा कि देश में बनने वाले एथेनॉल का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा अब अनाज, खासकर मक्के से आता है। इस तरह, केंद्र ने उन दावों को खारिज कर दिया गया जिनमें कहा जा रहा था कि एथेनॉल बनाने के लिए चीनी के इस्तेमाल की वजह से चीनी की कीमतें बढ़ रही हैं। अगस्त 2024 और जुलाई 2026 के बीच ग्राहकों के लिए चीनी की खुदरा कीमतें भी काफी हद तक स्थिर रही हैं और इनमें सालाना सिर्फ 3 प्रतिशत के आसपास ही बढ़ोतरी हुई है। हाल के हफ्तों में चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। 20 जुलाई को कीमत 48.18 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 20 अगस्त को बढ़कर 55.70 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। यह एक महीने के भीतर लगभग 15.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है।

## शाह के घुसपैठ वाले बयान पर भड़के पप्पू यादव

**पटना(एजेंसी)।** पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घुसपैठ को लेकर दिए बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार को सत्ता में आए 12 साल हो गए हैं, अब घुसपैठ की बात करना बंद कर दीजिए। उन्होंने कहा कि 2029 में विदाई तय है, इसलिए उसकी चिंता कीजिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठ को लेकर कहा था कि देश कोई धर्मशाला नहीं है। देश में केवल उसके नागरिकों को रहने का अधिकार है। घुसपैठिए देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकी में बदलाव के लिए खतरा हैं। पटना में आईएएनएस से बातचीत में पप्पू यादव ने कहा कि एनडीए सरकार को सत्ता में आए 12 साल हो गए हैं। मुझे समझ में नहीं आता है कि अभी भी घुसपैठ पर अमित शाह बयान देते हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि वह जनता को हल्के में न लें, जनता सब कुछ जानती है। असल मुद्दों से कब तक ध्यान भटकाएंगे। पेपर लीक का जिक्र करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि यह सरकार घुसपैठ रोकने की बात करती है जो 12 साल में पेपर लीक तो रोक नहीं पाई।



इस सरकार में शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। महंगाई और किसानों के मुद्दे पर बात नहीं होती। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। इस पर चर्चा नहीं होती। सरकार ने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने की बात की, वे अब सुनाई नहीं देती। सच पूछिए तो इस सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है। मणिपुर के मुद्दे पर बात होनी चाहिए और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की बात होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा हालात में इस सरकार की हमेशा कोशिश रहती है कि लोगों का ध्यान असल मुद्दों से भटकाया जाए। पप्पू यादव ने अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके रिटायरमेंट का समय आ गया है। एक बार उन्हें भी प्रधानमंत्री बनने का मौका मिलना चाहिए। हालांकि, जेनजी राहुल गांधी के साथ हैं और 2029 के लिए वे फिक्स हैं।

## नेपाल में बाढ़ से तबाही, 105 भारतीय पर्यटक लापता

**काठमांडू(एजेंसी)।** नेपाल में आए फ्लैश फ्लड ने रेसुवा जिले में भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में 7 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई है और कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं, नेपाल टूरिज्म ने भी एक आंकड़ा साझा किया है जिसके मुताबिक 291 विदेशी पर्यटकों का पता नहीं चल पाया है और इनमें भारत के 105 नागरिक भी शामिल हैं। नेपाल पर्यटन विभाग के मुताबिक सुबह रसुवा में भोटेकोशी नदी में अचानक आई बाढ़ के बाद 384 यात्री लापता हो गए हैं। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, लापता लोगों में से 291 विदेशी नागरिक हैं। विभाग ने विभिन्न टूरिज्म एजेंसियों के हवाले से आंकड़ा पेश किया है, जिसमें एक जगह 59 और दूसरी जगह कुल 46 भारतीयों की संख्या साफ दिख रही है। इसके साथ ही बोर्ड ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। इसके मुताबिक,



एहतियात के तौर पर, काठमांडू घाटी की ट्रैफिक पुलिस ने काठमांडू से रसुवा, नुवाकोट, धाडिंग और चितवन जाने वाले वाहनों को रोक दिया है। हालात को देखते हुए यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे तब तक आपदाग्रस्त इलाकों की ओर न बढ़ें जब तक कि आधिकारिक जानकारी से यह पुष्टि न हो जाए कि सड़क की स्थिति सुरक्षित है। बचाव और आपातकालीन कार्रवाई में मदद के लिए नेपाल सेना के दो हेलीकॉप्टर रसुवा भेजे गए हैं। गृह मंत्री सुधन गुरुंग ने जनता और यात्रियों से प्रभावित हाईवे और नदी के रास्तों पर अनावश्यक आवाजाही से बचने का आग्रह किया है। उन्होंने भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों के पास और मुग्लिन की ओर नीचे की तरफ रहने वाले निवासियों और पर्यटकों से भी अपील की है कि वे अगली सूचना तक पूरी तरह सतर्क रहें।

बोर्ड ने इलाके में फंसे पर्यटकों से शांत रहने की अपील की गई है। उन्हें सलाह दी गई है कि अफवाहों से बचें, जानकारी लेते रहें और स्थानीय अधिकारियों का पूरा सहयोग करें। इसके साथ ही फिलहाल आपदाग्रस्त इलाकों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।

## यूपी चुनाव से पहले अखिलेश का बड़ा ऐलान

### हर महिला को सालाना 40 हजार रुपये देने का वादा

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने महिलाओं और बेटियों को केंद्र में रखते हुए कई बड़े चुनावी ऐलान किए हैं। बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव ने 'स्त्री सम्मान समृद्धि योजना' के तहत प्रदेश की हर महिला को सालाना 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा की सरकार बनने पर इस राशि में भविष्य में और बढ़ोतरी भी की जाएगी। पार्टी ने महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ बेटियों की शिक्षा, छात्राओं के आवागमन, महिला सुरक्षा और ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई घोषणाएं कीं। कार्यक्रम में सपा नेताओं ने आधी आबादी को पार्टी की आगामी चुनावी रणनीति के केंद्र में रखने के संकेत दिए। डिंपल यादव ने 'स्त्री सम्मान समृद्धि योजना' की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार



बनने पर प्रत्येक महिला को हर साल 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक बंदिशों और पुराने रीति-रिवाजों में बंधने के बजाय अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ने की अपील की। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश और देश की तरक्की आधी आबादी की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। सपा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि को आगे और बढ़ाया भी जा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा की सरकार बनने पर 12वीं कक्षा पास करने वाली बेटियों को लैपटॉप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में भी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए थे। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग तकनीक को नहीं समझते, वे भी अब टैबलेट बांटने की बात कर रहे हैं। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा को तकनीक से जोड़ने और डिजिटल संसाधनों तक उनकी पहुंच बढ़ाने की बात कही।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत: शताब्दी एक्सप्रेस से लखनऊ जाते समय कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

उन्नाव। बुधवार दोपहर दिल्ली से लखनऊ जा रही शताब्दी एक्सप्रेस में सवार भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद का उन्नाव रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता स्टेशन पहुंचे थे। शताब्दी एक्सप्रेस के उन्नाव स्टेशन पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। सदर विधायक पंकज गुप्ता सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान स्टेशन परिसर में कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा रही। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली से लखनऊ की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के उन्नाव स्टेशन पर ठहराव के दौरान स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की ओर से उनका अभिनंदन किया।इस स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नेता विमल द्विवेदी भी मौजूद थे। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी स्टेशन पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेताओं ने संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की। कुछ देर के ठहराव के बाद शताब्दी एक्सप्रेस उन्नाव रेलवे स्टेशन से लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

### साइबर हेल्प डेस्क कोइरौना की त्वरित कार्वाई से साइबर फ्रॉड की 35,000/- धनराशि वापस कराई गई

भदोही। पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागीके कुशल निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर फ्रॉड के पीड़ितों की धनराशि वापस कराने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साइबर हेल्प डेस्क थाना कोइरौना द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए साइबर फ्रॉड के पीड़ित की ?35,000/- (पैंतीस हजार रुपये) की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर फ्रॉड के मामलों में पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर हेल्प डेस्क थाना कोइरौना एवं थाना प्रभारी कोइरौना को साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों पर तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# अस्पतालों में लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

## बाहर की दवा लिखने पर भी डीएम ने दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




उन्नाव। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में हुई बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, संचारी रोग नियंत्रण, जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान गोल्डन कार्ड समेत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को समय से चिन्हित कर उनकी ब्लड, बीपी, वजन और हीमोग्लोबिन की जांच कराने तथा उपचार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रसव सरकारी चिकित्सालयों में सुनिश्चित कराए जाएं और निजी अस्पतालों में होने वाले प्रसव की गहन निगरानी की जाए। कम वजन वाले नवजात बच्चों की बेहतर देखभाल और आवश्यक जांच समय से कराने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही करने वाले चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे। सभी डॉक्टरों को समय से अस्पताल पहुंचकर निर्धारित समय तक उपस्थित रहने और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाए। यदि किसी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बाहर की दवा लिखने की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़ाने के लिए नोडल अधिकारियों को ग्राम पंचायतें गोद लेने तथा अधिक से अधिक गांवों को टीबी मुक्त बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीडी-डीपीटी टीकाकरण से छूटे बच्चों का अभियान चलाकर टीकाकरण कराने को कहा गया। आयुष्मान योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड अभियान चलाकर बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। आशा और संगिनी का भुगतान समय से कराने तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि लापरवाह कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेआर सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एमओआईसी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### बरसात नहीं झेल पाया कच्चा मकान ढहा, दादा-पोते की एक साथ मौत

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवासी गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। बारिश के कारण कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। हादसे में मलबे में दबकर 65 वर्षीय बुजुर्ग हंसराम और उनके आठ वर्षीय पोते आयु की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात से क्षेत्र में रुक-रुककर बारिश हो रही थी। बुधवार सुबह करीब नौ बजे हंसराम अपने कच्चे मकान की टपक रही छत को ठीक करने के लिए ऊपर चढ़े थे। उनके साथ उनका पोता आयु भी था। छत पर काम चल ही रहा था कि अचानक मकान का एक हिस्सा गिर पड़ा। दोनों मलबे के नीचे दब गए। तेज आवाज और चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों को मलबे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। हादसे में जान गंवाने वाला आयु अपने पिता भीम का इकलौता बेटा था। हंसराम के तीन बेटे हैं। भीम की दो बेटियां भी हैं। एक ही हादसे में दादा और पोते की मौत से परिवार पर दोहरा दुख टूट पड़ा है। गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर मगरवारा चौकी पुलिस और सदर कोतवाली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रशासन की ओर से भी मामले की जानकारी ली जा रही है। एसडीएम सदर राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि कच्चा मकान गिरने से हादसा हुआ है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# बाइक ऑटो की भिड़ंत में बीएसएफ जवान की मौत


## सैन्य समान के साथ अंतिम विदाइ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में बीएसएफ जवान की मौत हो गई। जवान रक्षाबंधन पर बीमार मां से मिलने छुट्टी पर घर आया था। हादसे की खबर से परिवार और गांव में मातम छा गया। कोतवाली क्षेत्र के चंदौली खुर्द गांव निवासी शिवम पुत्र रामपाल बीएसएफ में जवान थे। परिजनों के मुताबिक वह सोमवार को छुट्टी लेकर घर आए थे। वह जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में तैनात थे। मंगलवार देर शाम वह गांव के साथी राजेंद्र रावत के साथ बाइक से मटेरिया चौराहे की ओर जा रहे थे। टोल के पास ऑटो से हुई जोरदार भिड़ंत बताया गया कि सर्विस लेन पर टोल टैक्स के पास लखनऊ की ओर से आ रहे ऑटो से बाइक की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शिवम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बाइक पर सवार राजेंद्र को भी चोटें आई, लेकिन उसकी हालत सामान्य बताई गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव हादसे की सूचना पर आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। मां और पत्नी का रो रोकर बुरा हाल बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मां माधुरी और पत्नी गुड़िया का रो रोकर बुरा हाल रहा। शिवम की तीन बहनें भी हैं। सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई शिवम की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मोहान विधायक ब्रजेश रावत भी अंतिम यात्रा में पहुंचे। सैन्य जवानों ने सलामी देकर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। इसके बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बेगमखेड़ा गांव में बुधवार दोपहर एक 20 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। युवक मंगलवार रात से लापता था। किसानों ने गांव के बाहर स्थित एक बाग में शव देखा, जिसके बाद ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान बेगमखेड़ा गांव निवासी स्व. सुरेश के पुत्र ललित के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि ललित मंगलवार रात से घर से लापता था और रात भर उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला था। बुधवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तो उन्होंने बाग में एक पेड़ से ललित का शव लटका हुआ देखा। इस खबर से गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल ललित के परिजनों और सोहरामऊ पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, ललित चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और उसकी शादी नहीं हुई थी। युवक की मौत की खबर से परिवार में शोक का माहौल है। सोहरामऊ इंस्पेक्टर अरविंद पांडे ने बताया कि युवक का शव पेड़ से लटका मिला है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। युवक ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मंगलवार रात से ललित के लापता होने से लेकर शव मिलने तक की सभी परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, अमन-भाईचारे का संदेश

उन्नाव, संवाददाता। बुधवार को बारावफात (जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी) के मौके पर शहर में जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर मरकजी सीरत कमेटी के तत्वावधान में जामा मस्जिद से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। मंगलवार रात से ही शहर के मोहल्लों, गलियों, घरों, मस्जिदों और प्रमुख स्थानों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। जगह-जगह मस्जिदों और दरगाहों के खूबसूरत मॉडल बनाए गए थे, जिन्हें देखने के लिए देर रात तक भीड़ उमड़ती रही। बुधवार दोपहर जामा मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म के साथ जुलूस की शुरुआत हुई। शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिस्बाही ने तकरीर पेश करते हुए कहा कि अल्लाह के नबी और उनके सहाबा से मोहब्बत ईमान का अहम हिस्सा है। उन्होंने लोगों से अमन, भाईचारे, इंसानियत और नेक आमाल की राह पर चलने की अपील की। इसके बाद कमेटी की ओर से तराना पेश किया गया। जैसे ही मस्जिद की छत पर परचम बुलंद हुआ, मौजूद अकीदतमंदों ने अपने हाथों में लिए झंडे ऊंचे कर दिए। 'नारे-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर' और 'नारे-ए-रिसालत' के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने नात-ए-पाक और सलाम पेश करते हुए पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में नारे बुलंद किए।



'नबी की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा' के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। जामा मस्जिद से औपचारिक रूप से शुरू हुए जुलूस में सबसे आगे उलेमा और बुजुर्ग चल रहे थे। उनके पीछे विभिन्न अंजुमनों के लोग झंडे लेकर शामिल हुए। दावते इस्लामी के सदस्यों ने नात-ए-पाक पढ़ते हुए लोगों को नमाज, नेक आमाल और भाईचारे का संदेश दिया। यह जुलूस जामा मस्जिद से छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, धवन रोड, कसाई चौराहा, तालिब सराय होते हुए किला मैदान पहुंचा। इस बार जुलूस निर्धारित समय से लगभग दो घंटे की देरी से शुरू हुआ, हालांकि अकीदतमंदों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत जुलूस के स्वागत के लिए पूरे मार्ग पर विशेष तैयारियां की गई थीं। जगह-जगह सबीलें लगाकर ठंडा पानी और शरबत वितरित किया गया। कई स्थानों पर हलवा, पूड़ी, बिरयानी समेत अन्य खाद्य सामग्री लोगों को बांटी गई। अकीदतमंदों पर फूल बरसाकर भी स्वागत किया गया। खास बात यह रही कि मुस्लिम समाज के साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी जुलूस का स्वागत कर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की। शमशाद अखाड़े के करतबों ने बांधा समां जुलूस अनुशासन और उत्साह के साथ आगे बढ़ता रहा। शमशाद अखाड़े के युवाओं ने रास्ते भर तलवारबाजी, लाठी और अन्य पारंपरिक खेलों के हैरतअंगेज करतब दिखाए। करतब देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा होती रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक दिखा उत्साह जुलूस में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। छोटे बच्चे हाथों में हरे झंडे लेकर नारे लगाते नजर आए, जबकि युवा नात-ए-पाक पेश करते रहे। बुजुर्ग भी पूरे अकीदत के साथ जुलूस में शामिल रहे। पुलिस-प्रशासन ने संभाली व्यवस्था जुलूस को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। पुलिस बल को जुलूस मार्ग पर तैनात किया गया था। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया। महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई। सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से किला मैदान पहुंचा।

# 198 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट, खाद्य सुरक्षा विभाग ने रक्षाबंधन से पहले की कड़ी कार्रवाइ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरों और बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार करने वालों के खिलाफ दो दिवसीय अभियान चलाया। मंगलवार और बुधवार को सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय प्रियंका सिंह के नेतृत्व में सचल दल ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में औचक छापेमारी की। इस दौरान करीब 198 किलोग्राम असुरक्षित और मिलावटी खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार 750 रुपये बताई गई है। तीन प्रतिष्ठानों को बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार करते पाए जाने पर बंद कराया गया, जबकि 14 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए। चकलवंशी चौराहे पर श्रवण गुप्ता की दुकान में बिना पंजीकरण खाद्य कारोबार और अस्वच्छता मिली। यहां कृत्रिम रंग युक्त रेडीमेड मिठाइयां भी बिक्री के लिए रखी थीं। टीम ने 75 किलो बर्फी, 22 किलो बेसन, 15 किलो पेड़ा और 16 किलो मैदा लड्डू समेत कुल 128 किलो खाद्य सामग्री नष्ट कराई। इसकी कीमत करीब 32 हजार 250 रुपये बताई गई। प्रतिष्ठान को तत्काल बंद करा दिया गया। इसी क्षेत्र में संजय राठौर की श्री बालाजी स्वीट्स से 16 किलो खराब बर्फी बरामद हुई। इसकी कीमत 4 हजार 800 रुपये बताई गई। विभाग ने बर्फी नष्ट कराने के साथ संचालक को सुधार नोटिस जारी किया। सफीपुर के कटियामऊ स्थित अरविंद के प्रतिष्ठान पर बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार होता मिला। टीम ने यहां 50 किलो पनीर नष्ट कराया, जिसकी कीमत 12 हजार 500 रुपये बताई गई। प्रतिष्ठान को बंद कर दिया गया। यहां से संदिग्ध अपमिश्रक सफेद पाउडर का नमूना भी जांच के लिए लिया गया। अधेलिया चौराहा, शाहपुर में संजय के खोया निर्माण केंद्र पर भी बिना लाइसेंस गतिविधियां मिलने पर चार किलो पनीर नष्ट कराया गया और इकाई को बंद कर दिया गया। इसके अलावा चकलवंशी चौराहे स्थित सुंदर लाल स्वीट्स और संस्कार स्वीट्स हाउस तथा एतबारपुर सफीपुर निवासी मुलायम सिंह यादव की दुकान पर साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर सुधार नोटिस जारी किए गए। सहायक आयुक्त प्रियंका सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान लिए गए सभी 14 नमूने जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### बीजपुर पुलिस द्वारा दहेज मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बीजपुर / सोनभद्र - पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा* के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के निर्देशन में थाना बीजपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक26.08.2026 को थाना बीजपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 94/2026, धारा 80(2), 85 बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट* से संबंधित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में तलाश एवं दबिश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सोनू पुत्र स्व0 रामलाल, निवासी ग्राम सिरसोती, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 24 वर्ष को शिव मंदिर सिरसोती के पास से प्रातः करीब 05:42 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उ0नि0 कमलाकान्त पाण्डेय, हे0का0 भानू प्रताप यादव, का0 कृष्ण कुमार गुप्ता शामिल रहे।

# पुनर्वास-1 में निशुल्क शिक्षा केंद्र की तैयारी तेज, सफाई अभियान में अमित कुमार ने किया श्रमदान

## समृद्धि जन कल्याण संस्था की पहल से जरूरतमंद बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बीजपुर/सोनभद्र। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से समृद्धि जन कल्याण संस्था द्वारा बीजपुर के पुनर्वास-1 में निशुल्क शिक्षा केंद्र की शुरुआत की जा रही है। केंद्र के शुभारंभ को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। संस्था का उद्देश्य बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है। निशुल्क शिक्षा केंद्र के माध्यम से बच्चों को नियमित शिक्षा देने के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा जरूरतमंद परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में भी संस्था द्वारा प्रयास किया जाएगा। केंद्र के शुभारंभ की तैयारियों के तहत परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्था के महासचिव अमित कुमार ने स्वयं मौके पर श्रमदान करते हुए सफाई कार्य में विशेष योगदान दिया। उन्होंने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर परिसर की साफ-सफाई कर उसे व्यवस्थित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी जनकल्याणकारी कार्य की शुरुआत स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण से होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से केंद्र परिसर को साफ-सुथरा और बच्चों के लिए अनुकूल बनाया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों के अनुसार केंद्र का लाभ बीजपुर मार्केट और पुनर्वास क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा। यहां बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के साथ महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सिद्धार्थ उपाध्याय, उपाध्यक्ष जावेद अहमद, महासचिव अमित कुमार, मीडिया प्रभारी विजय कुमार तथा सचिव के.पी. सोनकर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।संस्था ने बताया कि केंद्र का विधिवत शुभारंभ जल्द ही एक कार्यक्रम आयोजित कर किया जाएगा। इसके बाद निशुल्क शिक्षा का नियमित संचालन शुरू होगा। संस्था का लक्ष्य शिक्षा, कौशल विकास और जनकल्याण के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा 04 नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु भेजा

सोनभद्र / उत्तर प्रदेश - आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के पत्रांक दिनांक 21.08.2026 जिसमें आगामी पर्व रक्षाबन्धन के दृष्टिगत आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ यथा-खोवा, पनीर, दूध एवं दुग्ध उत्पाद से निर्मित मिठाइयों, बूंदी के लड्डू, समस्त प्रकार की मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु अभिसूचना एकत्रित करते हुए दिनांक 21.08.2026 से दिनांक 27.08.2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाये जाने के उद्देश से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 25.08.2026 को खलियारी रोड पटवध स्थित प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ खोवा व गुलाब जामुन का एक-एक नमूना, चोपन बाजार स्थित कन्हैया स्वीट्स से खाद्य पदार्थ-पनीर व चन्द्रकला मिठाई के एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित सभी नमूनों को जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक को भेजा जा रहा है। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ के प्रति जागरूक किया गया।दिनांक 25.08.2026 को सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व. सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्रमोद कुमार यादव, तहसील राबर्ट्सगंज द्वारा ओबरा बाजार में व्यापार मण्डल के सहयोग से एक कैम्प का आयोजित किया गया जिसमें कुल 40 खाद्य पंजीकरण आवेदन कराये गये।

### जनपद में सड़कों को गड्ढामुक्त करने का अभियान तेज

सोनभद्र / उत्तर प्रदेश - जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद की सड़कों को गड्ढामुक्त करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में एसीपी टोलवेज द्वारा सुकृत से मारकुंडी घाटी तक तीन टीमों को लगाकर सड़क को गड्ढामुक्त करने का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही आवश्यक स्थानों पर कैट-आई लगाने तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के संबंध में सड़क सुरक्षा बोर्ड लगाए जाने का कार्य भी किया जा रहा है इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड द्वारा अनपरा-शक्तिनगर, बीजपुर आदि प्रमुख मार्गों को गड्ढामुक्त करने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों में गिट्टी डालने के साथ ही पैच मरम्मत का कार्य रोलर के माध्यम से व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। उक्त कार्य अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड की देखरेख में कराया जा रहा है।

# लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का भव्य शुभारंभ

## 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सौगात



सोनभद्र/उत्तर प्रदेश- लोकमाता अहिल्याबाई के त्याग, सेवा, सुशासन और नारी शक्ति के सम्मान की विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेंटर में लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी रही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसे सुनकर महिलाओं में उत्साह और बढ़ गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन एवं उनके जनकल्याणकारी योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन नारी शक्ति, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही रक्षाबंधन के पर्व पर सभी महिलाओं को तीन दिवस तक निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी गई है। यह निर्णय महिलाओं के सम्मान और सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए उनके उत्पादों की ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और बेहतर मार्केटिंग सुनिश्चित की जाएगी।

इससे स्थानीय उत्पादों की मांग और बाजार का विस्तार होगा तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित 501 महिलाओं को मिठाई एवं साड़ी वितरित की। विकास भवन परिसर में महिलाओं की भारी संख्या में मौजूदगी से उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। इस अवसर पर एडीएम वागीश शुक्ला, एसडीएम आशीष त्रिपाठी, डीडीओ हेमंत सिंह, डीपीआरओ नमिता शरण, अपर सूचना अधिकारी विनय सिंह, डीपीओ विनीत सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह, इशिका चौबे, गुड़िया तिवारी, किरण तिवारी, प्रमिला जायसवाल, मीनू चौबे, विंध्य नगर डिपो के एआरएम नागेंद्र पांडेय तथा सोनभद्र डिपो के एआरएम नद लाल वर्मा समेत अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# सपा की सरकार बनी तो महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये, छात्राओं को लैपटॉप-साइकिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महिलाओं पर अपना फोकस बढ़ा दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर इस योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा और महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस योजना को विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को आगे बढ़ाए बिना प्रदेश और देश की तरक्की अधूरी है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता को पार्टी की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने घोषणा की कि सरकार बनने पर इंटर पास करने वाली छात्राओं को लैपटॉप और साइकिल दी जाएगी। इसके साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और परिवहन की बेहतर सुविधा से छात्राओं और महिलाओं को आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान बंद किए गए 26 हजार प्राथमिक विद्यालयों को फिर से खोला जाएगा। सरकारी स्कूलों में फीस माफ करने तथा निजी स्कूलों की फीस आधी करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने पोषण मिशन योजना को दोबारा शुरू करने और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं में सुधार का भी ऐलान किया। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई 1090 महिला हेल्पलाइन को प्रभावी बनाया गया था। उन्होंने यूपी डायल-100 सेवा का भी उल्लेख करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार ने महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था मजबूत की थी। उन्होंने कहा कि प्रसूताओं के लिए 102 एंबुलेंस सेवा को भी दोबारा शुरू किया जाएगा। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं के नाम पर केवल नारे देती है, जबकि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। सपा अध्यक्ष ने महिला आरक्षण कानून को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून संसद से पारित होकर कानून बन चुका है, ऐसे में इसे लागू करने में देरी क्यों की जा रही है। उन्होंने मांग की कि 2027 के विधानसभा चुनाव से ही महिला आरक्षण लागू किया जाए। अखिलेश यादव ने प्रदेश में महिलाओं और बेटियों के साथ हुई विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं में असुरक्षा की भावना को खत्म करना जरूरी है और समाजवादी पार्टी सत्ता में आने पर इस दिशा में प्राथमिकता से काम करेगी। कार्यक्रम में सांसद डिंपल यादव ने 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का विकास केवल बातें करने से नहीं, बल्कि महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व और आर्थिक मजबूती देने से होगा।

# डीएम साहब! जरा एक नजर इधर भी

## सरकार को लग रहे लाखों के राजस्व के चूने पर आखिर कब लगेगी लगाम ?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





लहरपुर (सीतापुर) जहां एक तरफ सरकार को हर रोज लाखों के राजस्व का चूना लगा रही प्लाईवुड, आरा और विनियर फैक्ट्रियों के द्वारा दिन-रात की जा रही मानकों की अनदेखी के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी पूरे सिस्टम पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर रही है वहीं दूसरी तरफ मण्डी विभाग , जीएसटी विभाग और काष्ठ आधारित उद्योगों का विनियमतीकरण करने वाली प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े निचले स्तर के कर्मचारियों द्वारा इन अवैध कारोबारियों से सांठगांठ कर लाखों के वारे-न्यारे भी किये जा रहे हैं। कारोबार से जुड़े लोगों की मानें तो हर दिन जहां लाखों की लकड़ी और प्लाई का अन्य जिलों के लिये फर्जी जीएसटी और मण्डी प्रपत्रों के सहारे अवैध परिवहन कर सरकार को राजस्व का भारी नुकसान किया जा रहा है वहीं एक ही कागज के सहारे कई कई गाडियों की निकासी भी निचले कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते आम बात हो चुकी है। यही नहीं एक ही जगह पर दो-दो, तीन-तीन लाइसेंस के बारे मे भी बड़ी प्रशासनिक अनदेखी की बात कही जा रही है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि ऐसे मामलों मे प्रत्येक लाइसेंस पर होने वाला कार्य अलग-अलग होना चाहिये लेकिन सच्चाई ये है कि उच्च प्रशासनिक अनदेखी और निचले स्तर की मिलीभगत के चलते एक ही छत के नीचे एक साथ कई कई मशीनों पर कार्य करने के बावजूद एक ही मशीन को चालू दर्शा कर बड़े पैमाने पर सरकार को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।कस्बे के शहर बाजार चौराहे से चुंगी गेट रास्ते के दोनो तरफ , गौरिया (तम्बौर रोड), नायरा पेट्रोल पम्प के पास और केसरीगंज के साथ-साथ बिसवां रोड स्थित कर्बला रोड पर मौजूद प्लाईवुड और विनियर मशीने लगातार सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। अब देखना ये है कि अपनी तैनाती के बाद से ही अवैध कारोबारियों और सत्ता से जुड़े दलालों के लिये भारी परेशानी की वजह बन चुके जिलाधिकारी राजा गणपति आर की पैनी निगाहें इस पूरे मकड़जाल की ओर कब घूमती हैं और कब सरकार को दिनरात लगाये जा रहे राजस्व के लाखों रुपये के चूने पर लगाम लगेगी।

# 40 हजार और स्कूटी का झांसा बंद करो, हिम्मत है तो शराब की दुकानें बंद करो': ब्रजमोहन सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजमोहन सिंह ने चुनावी घोषणाओं को लेकर सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही जनता को आर्थिक सहायता, स्कूटी, मुफ्त बस यात्रा और रोजगार जैसे वादों का लालच दिया जा रहा है, लेकिन सरकारों को गरीब, किसान और युवाओं की वास्तविक समस्याओं का समाधान करना चाहिए। ब्रजमोहन सिंह ने कहा कि कहीं महिलाओं को 40 हजार रुपये देने की बात कही जा रही है तो कहीं स्कूटी और मुफ्त बस यात्रा का वादा किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि 'अगर हिम्मत है तो शराब की दुकानें बंद करके दिखाओ, गरीब किसानों का कर्ज माफ करके दिखाओ और युवाओं को रोजगार देकर दिखाओ। ' उन्होंने कहा कि गांव-गांव और गली-मोहल्लों में शराब की दुकानें खोलने से गरीब परिवारों पर आर्थिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। उनका आरोप है कि एक तरफ शराब की बिक्री को बढ़ावा दिया जा रहा है और दूसरी तरफ उसी गरीब परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गरीबों की चिंता करती है तो पहले शराब की दुकानों पर रोक लगाकर परिवारों को बचाने का काम करे। ब्रजमोहन सिंह ने युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सरकारें सत्ता में हैं, लेकिन बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। चुनाव के समय नौकरी देने के वादे किए जाते हैं, जबकि युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठोस नीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चुनावी वादों के बजाय रोजगार और स्वरोजगार के स्थायी अवसर चाहिए। सरकारों को इस दिशा में स्पष्ट योजना बनाकर उसे धरातल पर लागू करना चाहिए। भारतीय जन समाज पार्टी के अध्यक्ष ने किसानों की कर्जमाफी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कर्ज के बोझ से परेशान गरीब किसान संकट का सामना कर रहे हैं। किसानों को राहत देने के लिए उनके कर्ज माफ किए जाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब किसान पर कर्ज होने पर उसकी संपत्ति या कृषि उपकरणों पर कार्रवाई की जाती है, जबकि बड़े कर्जदारों को लेकर सरकारों की नीतियों पर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए और गरीब किसानों को कर्ज के जाल से बाहर निकालना चाहिए।

# 94 वीं जयंती पर गांव से लेकर शहर तक याद किए गए बाबू भगवती सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर।** प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक देश श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह का 94वीं जयंती उनके द्वारा स्थापित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय कैंपस में मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रबंधक डॉ टी पी सिह, महामंत्री बैजनाथ रावत एवं मंत्री जी के प्रेमियों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कृषि महाविद्यालय के महामंत्री डॉ बैजनाथ रावत ने उनके जीवन पर चर्चा की और कहां वह एक सच्चे समाजवादी चिंतक थे उनके विचार और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान नई पीढ़ी से किया । महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने बताया कि बाबूजी जनसेवक के रूप में कार्य करते थे वह एक सच्चे समाजवादी विचारधारा के प्रखर नेता थे वह सच्चे ईमानदार निष्कलंक नेता रहे गरीब के हर अंतिम परिवार तक सुविधा पहुंचाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा । भारत सेवा संस्थान के महामंत्री डॉ जे एन मिश्रा ने कहा की बाबू भगवती सिंह गरीबों के मसीहा थे उनके कार्यों की राजधानी ही नहीं पूरे प्रदेश में उनकी चर्चाएं आज भी होती हैं। वह एक सच्चे ऋषि पुरुष थे। तृप्ति सिंह ने बाबूजी के कार्यों को गिनाया । प्रबंध समिति के सदस्य आरपी सिंह ने बताया कि मंत्री जी समर्पण भाव से काम करते थे और वह सिर्फ सुनते थे यहां तक कि विपक्षियों का भी वह सम्मान करते थे। महाविद्यालय के मीडिया डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह की जयंती पर बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज की प्रबंधक एन के सिंह एवं एवं प्राचार्य अशोक बाजपेई तथा कोषाध्यक्ष अशोक सिंह के द्वारा हवन पूजन किया गया तथा कृषि महाविद्यालय में भजन कीर्तन एवं दृष्टि संस्था लखनऊ में भंडारे का आयोजन किया गया बक्शी तहसील स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा चंद्रिका देवी मेला समिति द्वारा कवि सम्मेलन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मंत्री जी के अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं मंच का संचालन कर रहे डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाबू भगवती सिंह एक सच्चे ईमानदार राजनेता थे उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं निरंतर फल फूल रही हैं । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह जन्मदिवस जयंती में आए हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ के डी सिंह, डॉ सुधाकर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, अजय सिंह भदोरिया,शिव कुमार सिंह, समाजसेवी राम बहादुर सिंह, राम नरेश सिंह, व्यापार मंडल बक्शी का तालाब के अध्यक्ष अजीत सिंह, श्री डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ योगेश कुमार शर्मा डॉ के डी सिंह सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नारा-ए-तकबीर' से गूंजा शहर, शान-ओ-शौकत के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**⊖दुल्हन की तरह सजा पुराना शहर, उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, गूंजी नातें**
**⊖कज़ियारे चौराहे पर मुल्क में अमन-चैन के लिए उठीं हाथ, जगह-जगह लगीं सबीलें**
**⊖ऊंट-घोड़े बने आकर्षण का केंद्र, युवाओं और बच्चों में दिखा भारी उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश (ईद-मिलाद-उन-नबी) का त्योहार बुधवार को पूरे शहर में अकीदत, कौमी एकता और बेहद अदब व एहतराम के साथ मनाया गया। नारा-ए-तकबीर, अल्लाह-हू-अकबर और सरकार की आमद मरहबा के गगनभेदी नारों से शहर का पुराना इलाका सुबह से लेकर देर रात तक गूंजता रहा। पैगंबर साहब की शान में लगातार नारे बुलंद होते रहे और चारों तरफ जश्न का माहौल दिखाई दिया। इस मुक़द्दस मौके पर अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने अपने घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों को बेहद खूबसूरत रंग-बिरंगी लाइटों, बिजली की झालरों और इस्लामी झंडों से सजाया था। शहर के प्रमुख चौराहों और रास्तों पर जगह-जगह भव्य सजावटी गेट बनाए गए थे। आकर्षक रोशनी के चलते पूरा पुराना इलाका दुल्हन की तरह सजा हुआ नज़र आ रहा था। त्योहार का मुख्य आकर्षण बुधवार को जोहर (दोपहर की नमाज) के बाद निकाला गया पारंपरिक जुलूस-ए-मोहम्मदी रहा। नमाज़ संपन्न होने के बाद सबसे पहले कल्लू पहलवान के आवास पर अकीदत के साथ फातिहाख्वानी की गई, जहां मुल्क की तरक्की के लिए मन्नतें मांगी गईं। इसके बाद मरकज़ी कमेटी जुलूस-ए-मोहम्मदी के सदर हाजी मुजीब अहमद और जनरल सेक्रेटरी के इकबाल अहमद के नेतृत्व में पक्के पुल से विशाल जुलूस की शुरुआत की गई।

जुलूस अपने पारंपरिक और पूर्व निर्धारित रास्तों से होकर गुज़रा। इसमें शामिल सैकड़ों अंजुमनों के उलेमा और अकीदतमंदों ने पूरी शिद्दत के साथ हज़रत मोहम्मद साहब की शान में नातें पढ़ीं और मज़हबी नारे लगाए। जुलूस में शामिल छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, जो हाथों में इस्लामी परचम थामे चल रहे थे। वहीं युवाओं का जोश भी देखने लायक था। जुलूस में शामिल सजे-धजे ऊंट, घोड़े और वाहन लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। इसके अलावा, युवाओं और अकीदतमंदों ने अपने दोपहिया और चार पहिया वाहनों को भी रंग-बिरंगी लाइटों से सजाकर जुलूस में शामिल किया। शहरवासियों ने रास्तों में जगह-जगह खाने-पीने की चीज़ों और ठंडे पानी की सबीलें लगाईं। लोगों ने जुलूस का ज़ोरदार इस्तकबाल किया और अंजुमनों व कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। अपने तय रास्तों से होता हुआ यह जुलूस देर शाम कज़ियारे चौराहे पर पहुंचा, जहां यह एक विशाल जलसे में तब्दील हो गया। जलसे के आखिर में उलेमा-ए-किराम ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ कराई, जिसके बाद शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान मरकज़ी कमेटी के सरपरस्त मुन्ना पहलवान, कारी सलाहुद्दीन, अकील अहमद, मो. इम्तियाज़ ख़ान, अब्दुल कय्यूम अंसारी, मो. शमीम खान शानू, आफताब इक़बाल, यासीन इब्ने उमर, आफताब अंसारी, शमीम बेग, नूरुल हक़, अयाज़ अहमद शानू, उरुज बुनियाद, मो. नबी मोल्हे, मो. सलीम अड्डू, अकीलुर रहमान अंसारी, मोईन ख़ान, मो. काशिफ, एहराज बेग बब्बू, शाहनवाज़ अंसारी, निहाल, पप्पू अंसारी, रियाज़ अंसारी जिब्बू, मोअज्जम अहमद मोनू, फुरक़ान अंसारी, मुमताज़ बेग, ज़ीशान मिर्ज़ा, कारी असद, ज़फर आलम, तलहा जफ़र और मो. नईम सहित अन्य तमाम मेम्बरान व अकीदतमंद मौजूद रहे।

# मलिहाबाद के नबीनगर में सीसी रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी, मनमानी और पक्षपात का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**मलिहाबाद।** विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत नबीनगर में सीसी रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य में पक्षपात और मनमाने तरीके से काम कराए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने सीसी रोड का निर्माण निष्पक्ष तरीके से कराए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार गांव में सिद्धीक मनिहार के घर से विमलेश कनौजिया के घर तक सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण का कार्य इस तरह कराया जा रहा है कि गांव की जलभराव वाली समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने सिद्धीक मनिहार के घर से दिलीप लोधी के घर के मोड़ तक सड़क निर्माण कराए जाने की आवश्यकता बताई है। ग्रामीणों के मुताबिक विमलेश के घर से दिलीप लोधी के घर तक करीब 40 मीटर रास्ते में जलभराव की गंभीर समस्या है। स्थिति यह है कि इस रास्ते से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ग्रामीणों ने मांग की है कि सीसी रोड निर्माण में इस हिस्से को भी शामिल किया जाए, ताकि जलभराव और आवागमन की समस्या से राहत मिल सके। शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों और पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव नियमित रूप से पंचायत भवन नहीं आते और फोन तथा ब्लॉक कार्यालय में भी आसानी से उपलब्ध नहीं होते। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को गांव से हटाने की मांग भी की है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मामले से मलिहाबाद की विधायक को भी अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ से शिकायत करेंगे। जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों ने विकासखंड मलिहाबाद कार्यालय के बाहर धरना देने की चेतावनी भी दी है। समस्या के विरोध में पारख महासंघ के ब्लॉक मलिहाबाद अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मलिहाबाद ब्लॉक की बीडीओ सर्जना शुक्ला से मिलकर इसकी लिखित शिकायत करना चाहा परंतु वह मौके पर मजूद नहीं मिली जिसके बाद वीडियो संदेश के माध्यम से ग्रामीणों ने शिकायत किया और गांव की बदहाल सड़कों तथा जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सीसी रोड निर्माण को जरूरत के अनुसार पूरा कराने तथा जलभराव वाले रास्ते की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# शानो-शौकत से निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

## लब्बैक या रसूलल्लाह और मरहबा या मुस्तफा के नारों से गूंजता रहा नगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां, सीतापुर।** 12 रबीउल अव्वल के मौके पर मरकजी कमेटी के तत्वावधान में जुलूस-ए-मुहम्मदी बड़े ही शानो-शौकत के साथ निकाला गया। रविवार सुबह करीब 10 बजे कंकर वाली शाही मस्जिद के सहन में सलातो-सलाम के बाद मरकजी कमेटी के सदर अब्दुल अतीक खां एवं मुख्य संरक्षक शाहिद हुसैन एडवोकेट की अगुवाई में जुलूस का आगाज हुआ। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होते हुए घोसियाना, छोटा चौराहा, मिरदही टोला, शेख सरांय, जोशी टोला, जुलाही टोला, काजी टोला, मियांगंज, दायरा, मुराऊ टोला, हजीरा, सब्जी मंडी, बड़ा चौराहा, पोस्टर चौराहा, पठानी टोला और थवई टोला से गुजरता हुआ पुनः कंकर वाली शाही जामा मस्जिद पहुंचा, जहां जुलूस का समापन हुआ।

जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मजहबी झंडों के साथ सैकड़ों अंजुमनों ने शिरकत की। सबसे आगे मरकजी कमेटी के सदर अब्दुल अतीक खां, सरपरस्त मोहम्मद शाहिद हुसैन एडवोकेट, सेक्रेट्री अहमद अली अंसारी, नायब सेक्रेट्री नय्यर शकेब, मुकर्रम खां, महबूब अली, अफजाल कौसर, मशर्रत अली, वकार गौरी, नईम खां, जियाउल हक, एजाज अली सहित अन्य लोग हाथों में झंडे लेकर नबी पाक के तराने पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस में शामिल लोग 'पत्ती-पत्ती फूल-फूल या रसूल ', 'लब्बैक या रसूलल्लाह' और 'मरहबा या मुस्तफा' के नारे बुलंद करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

### ऊंट-घोड़ों ने बढ़ाई जुलूस की शोभा

जुलूस-ए-मुहम्मदी में ऊंट और घोड़े भी शामिल हुए, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। ऊंट-घोड़ों को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। खासकर बच्चों और युवाओं में इन्हें देखने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। जुलूस के साथ ऊंट-घोड़ों के गुजरने से इसकी शोभा और बढ़ गई। देर रात जुलूस पुनः कंकर वाली शाही जामा मस्जिद पहुंचा, जहां जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इस दौरान अंजुमनों, मस्जिदों की सजावट तथा नुमाइश लगाने वालों को मरकजी कमेटी की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।

### रोशनी ने लोगों का मन मोहा

12 रबीउल अव्वल के मौके पर बिसवां नगर की विभिन्न सड़कों, गलियों और मस्जिदों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। कई स्थानों पर नुमाइशों का आयोजन किया गया। सजावट, रोशनी और नुमाइश देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। देर रात तक नगर की सड़कों पर लोगों की भीड़ बनी रही।

# खंभेश्वर नाथ बाबा मंदिर परिसर में विधायक निर्मल वर्मा के बेटे ने किया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर।** पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, पौधों की देखभाल का संकल्प लिया लिया । खंभेश्वर नाथ बाबा मंदिर परिसर में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा के बेटे ने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण के दौरान उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी नियमित देखभाल करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पंकज गुप्ता, कुलदीप अवस्थी, आशीष मिश्रा, दिलीप भार्गव, गिरि महाराज, संजू बाजपेई, नंदकिशोर शास्त्री समेत आने वाले श्रद्धालुओं को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

**खंभेश्वर नाथ बाबा मंदिर परिसर में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा के बेटे ने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

# संपादकीय

## बुढ़ापे को धीमा करने की दौड़ में विज्ञान

बुढ़ापा मानव जीवन का सबसे सार्वभौमिक अनुभव है। हर व्यक्ति उम्रदराज़ होता है, लेकिन हमारा शरीर क्यों बूढ़ा होता है, कुछ लोग कई दशकों तक स्वस्थ कैसे रहते हैं और कुछ लोगों में उम्र से जुड़ी बीमारियाँ अपेक्षाकृत जल्दी क्यों विकसित हो जाती हैं–इन प्रश्नों पर विज्ञान आज भी शोध कर रहा है। सदियों से मनुष्य ने जवानी को लंबा करने और बुढ़ापे को टालने का सपना देखा है। आज विज्ञान इस सपने को एक अधिक व्यावहारिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देख रहा है। उद्देश्य मनुष्य को हमेशा जवान बनाए रखना नहीं, बल्कि बुढ़ापे की जैविक प्रक्रियाओं को समझना और स्वस्थ जीवन के वर्षों को बढ़ाना है। आधुनिक विज्ञान में उम्र बढ़ने के अध्ययन का केंद्र केवल जीवनकाल (Lifespan) बढ़ाना नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनकाल (Healthspan) बढ़ाना है। जीवनकाल का अर्थ है कि व्यक्ति कितने वर्षों तक जीवित रहता है, जबकि स्वस्थ जीवनकाल का अर्थ है कि वह कितने वर्षों तक शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय तथा आत्मनिर्भर रहता है। अधिक वर्षों तक जीवित रहना तभी सार्थक है, जब वे वर्ष बेहतर स्वास्थ्य और जीवन की अच्छी गुणवत्ता के साथ बीतें। उम्र बढ़ना किसी एक कारण से होने वाली प्रक्रिया नहीं है। यह शरीर में होने वाले अनेक परस्पर जुड़े जैविक परिवर्तनों का परिणाम है। समय के साथ कोशिकाओं में क्षति जमा होती जाती है, उनकी स्वयं की मरम्मत करने की क्षमता कम हो सकती है, कोशिकाओं के बीच संचार बदल सकता है और शरीर की विभिन्न प्रणालियाँ धीरे-धीरे कम प्रभावी हो सकती हैं। वैज्ञानिक उम्र बढ़ने से जुड़ी कई जैविक प्रक्रियाओं का अध्ययन कर रहे हैं। इनमें डीएनए में होने वाले परिवर्तन, कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पादन, प्रोटीनों का रखरखाव, सूजन, स्टेम सेल की कार्यक्षमता तथा क्षतिग्रस्त या असामान्य कोशिकाओं का जमा होना शामिल है। शोध का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र कोशिकीय वृद्धावस्था (Cellular Senescence) है। कुछ क्षतिग्रस्त कोशिकाएँ विभाजित होना बंद कर देती हैं, लेकिन तुरंत शरीर से समाप्त नहीं होतीं। ऐसी कोशिकाएँ आसपास के ऊतकों को प्रभावित करने वाले पदार्थ छोड़ सकती हैं। वैज्ञानिक यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या ऐसी कोशिकाओं को चुनिंदा रूप से हटाने या उनके व्यवहार में परिवर्तन करने से उम्र से जुड़ी कुछ समस्याओं को कम किया जा सकता है। यह क्षेत्र आशाजनक है, लेकिन इसका बड़ा हिस्सा अभी प्रयोगात्मक चरण में है। हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया में जीन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन वे पूरी कहानी नहीं बताते। वैज्ञानिकों ने विभिन्न आबादियों और जीवों में दीर्घायु से जुड़े कुछ आनुवंशिक बदलावों की पहचान की है। असाधारण रूप से लंबा जीवन जीने वाले परिवारों का अध्ययन वैज्ञानिकों को उन जैविक कारकों को समझने में मदद कर रहा है, जो स्वस्थ दीर्घायु में योगदान दे सकते हैं। इसके साथ ही वैज्ञानिक एपिजेनेटिक्स का भी अध्ययन कर रहे हैं। इसमें डीएनए के क्रम को बदले बिना यह प्रभावित होता है कि कुछ जीन किस तरह सक्रिय या निष्क्रिय होते हैं। उम्र के साथ होने वाले एपिजेनेटिक बदलाव जैविक उम्र को समझने के लिए महत्वपूर्ण संकेत दे सकते हैं। हालाँकि जीन और उम्र बढ़ने का संबंध अत्यंत जटिल है। दीर्घायु से जुड़ा कोई जीन यह सुनिश्चित नहीं करता कि व्यक्ति लंबा और स्वस्थ जीवन ही जिएगा। पर्यावरण, पोषण, शारीरिक गतिविधि, नींद, तनाव, सामाजिक परिस्थितियाँ और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्र बढ़ने के शोध में एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या शरीर की प्राकृतिक मरम्मत प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। मानव शरीर में ऊतकों की मरम्मत की प्राकृतिक क्षमता होती है। स्टेम सेल कुछ ऊतकों को बनाए रखने और उनके पुनर्निर्माण में सहायता करते हैं, लेकिन उम्र के साथ उनकी कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। इसी कारण पुनर्योजी चिकित्सा (Regenerative Medicine) शरीर की क्षतिग्रस्त जैविक प्रणालियों की मरम्मत और पुनर्स्थापना के नए तरीके खोज रही है। स्टेम सेल, टिश्यू इंजीनियरिंग और कोशिका आधारित उपचारों पर शोध भविष्य में उम्र से जुड़ी कुछ बीमारियों के उपचार में उपयोगी हो सकता है। लेकिन ये तकनीकें अभी विकास के दौर में हैं और इनके प्रभाव, सुरक्षा तथा दीर्घकालिक परिणामों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन आवश्यक है। पुनर्योजी चिकित्सा का उद्देश्य केवल बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत या आवश्यकता पड़ने पर उनका पुनर्निर्माण करना है। भविष्य में इस क्षेत्र की प्रगति उम्र बढ़ने से प्रभावित कुछ शारीरिक कार्यों को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। वैज्ञानिक अंगों के पुनर्निर्माण, कृत्रिम रूप से तैयार ऊतकों, कोशिका-आधारित उपचारों और अन्य तकनीकों पर काम कर रहे हैं। इसका उपयोग केवल बुढ़ापे से संबंधित समस्याओं तक सीमित नहीं होगा, बल्कि चोटों और अनेक पुरानी बीमारियों के उपचार में भी हो सकता है। लेकिन चुनौती बहुत बड़ी है। मानव शरीर के ऊतक अत्यंत जटिल होते हैं। केवल क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को बदल देना पर्याप्त नहीं होता। वैज्ञानिकों को यह भी समझना पड़ता है कि कोशिकाएँ एक-दूसरे से कैसे संवाद करती हैं, कैसे व्यवस्थित होती हैं और एक साथ किस प्रकार कार्य करती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैव चिकित्सा अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण उपकरण बनती जा रही है। आधुनिक शोध में जीनोम, मेडिकल रिकॉर्ड, मेडिकल इमेजिंग, प्रोटीन और कोशिकीय प्रयोगों से भारी मात्रा में डेटा प्राप्त होता है।८द्ध ऐसे पैटर्न पहचानने में सहायता कर सकता है जिन्हें मनुष्य के लिए इतनी बड़ी मात्रा में डेटा में पहचानना कठिन हो सकता है। वैज्ञानिक AI की सहायता से संभावित दवा लक्ष्यों की पहचान करने, जैविक परिवर्तनों का अनुमान लगाने और उन यौगिकों का विश्लेषण करने का प्रयास कर रहे हैं जो उम्र बढ़ने से संबंधित जैविक प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकते हैं। हालाँकि AI अपने आप बुढ़ापे की समस्या का समाधान नहीं कर सकता। इसका वास्तविक महत्व जटिल वैज्ञानिक जानकारी को तेजी से समझने, संभावित शोध दिशाएँ खोजने और नई परिकल्पनाएँ विकसित करने में है।




**मेष**–नई नौकरी की तलाश कर रहे जातकों को आज अच्छी खबर मिल सकती है। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने के योग हैं। पारिवारिक जीवन में संयम से काम लें, अपनों से मतभेद हो सकते हैं।

**वृषभ** –जीवन के सभी क्षेत्रों में संतुलन बनाकर चलना आपके लिए लाभदायक रहेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। भाई–बहनों के व्यवहार में रूखापन रह सकता है, इसलिए बातचीत में मधुरता रखें। यात्रा को टालना बेहतर रहेगा।

**मिथुन**–कामकाज में दूसरों पर अधिक निर्भर रहने से बचें। कार्यक्षेत्र में कुछ कठोर और महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ सकते हैं। मुश्किल समय में मित्रों और करीबियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**–मेहनत और बौद्धिक क्षमता के बेहतर तालमेल से मान–प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए नए प्रयोग सफल रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण काम में परिवार का पूरा सहयोग मिलने में समय लग सकता है।

**सिंह**–दूसरों को अवसर देते हुए धैर्य बनाए रखें। पुरानी बचत का कुछ हिस्सा खर्च हो सकता है, लेकिन इससे खुशी मिलेगी। यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतें।

**कन्या** –शैक्षणिक और बौद्धिक कार्यों में एकाग्रता बढ़ेगी। समयबद्ध तरीके से काम करने पर बेहतर सफलता मिलेगी। नकारात्मक विचार रखने वाले लोगों से दूरी बनाकर रखना आपके हित में रहेगा।

**तुला**–अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए मेहनत करनी होगी। इवेंट प्रबंधन और बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को नए अनुबंध और अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक**–संपत्ति से जुड़े विवादों में आपका पक्ष मजबूत रहेगा। निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े कारोबार में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में पुरानी समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक बातचीत होगी।


**धनु** –जिद और टकराव से बचकर धैर्य एवं सहजता से काम लें। माता–पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों पर जल्द भरोसा करने से बचें।

**मकर**–आपकी कार्यक्षमता और निष्ठा से उच्च अधिकारियों का विश्वास बढ़ेगा। व्यक्तिगत संबंधों में साथी की बात भी ध्यान से सुनें। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**कुंभ**–राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों में सावधानी बरतें। करीबी लोगों से धोखा मिलने की आशंका के चलते सतर्क रहना जरूरी है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन**–कार्यस्थल पर सहकर्मियों और मेहनती लोगों का सहयोग मिलेगा। पुराना रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस मिल सकता है। अचल संपत्ति से जुड़े नए अवसर मिलने के योग हैं।

# मनुष्यों के प्रति मच्छरों के आकर्षण का राज



**डॉ. विजय गर्ग**

मच्छर हमारे आसपास पाए जाने वाले सबसे परिचित कीटों में से हैं, लेकिन मनुष्यों को खोजने की उनकी क्षमता बेहद जटिल और आश्चर्यजनक है। एक ही कमरे में कई लोग मौजूद हों, फिर भी मच्छर अक्सर कुछ लोगों की ओर दूसरों की तुलना में अधिक आकर्षित दिखाई देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? क्या कुछ लोगों का खून मच्छरों को अधिक पसंद आता है? विज्ञान के अनुसार, मच्छर मनुष्य को खोजने के लिए कई संकेतों का एक साथ उपयोग करते हैं। इनमें कार्बन डाइऑक्साइड, शरीर की गर्मी, नमी और त्वचा से निकलने वाली रासायनिक गंध प्रमुख हैं। जब हम सांस लेते हैं, तो कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकलती है। मच्छर हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को महसूस कर सकते हैं और इससे उन्हें पता चलता है कि आसपास कोई संभावित मेजबान मौजूद है। लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड कहानी की शुरुआत मात्र है। जैसे–जैसे मच्छर मनुष्य के करीब आता है, वह त्वचा से निकलने वाली विभिन्न गंधों और रासायनिक संकेतों का उपयोग करके अपने लक्ष्य की पहचान करता है। मानव त्वचा सैकड़ों रासायनिक यौगिक छोड़ती है और इनका मिश्रण हर व्यक्ति में अलग हो सकता है। पसीना, त्वचा की रासायनिक संरचना और त्वचा पर प्राकृतिक रूप से मौजूद सूक्ष्मजीव शरीर की विशिष्ट गंध बनाने में योगदान देते हैं। इसी वजह से कुछ लोग मच्छरों को दूसरों की तुलना में अधिक आकर्षित करते दिखाई दे सकते हैं। यह केवल 'मीठे खून' का मामला नहीं है। वास्तव में मच्छर रासायनिक और भौतिक संकेतों के एक जटिल संयोजन पर प्रतिक्रिया करते हैं। मच्छरों के पास विशेष संवेदी प्रणालियाँ होती हैं, जो उन्हें आसपास मौजूद रासायनिक संकेतों को पहचानने में सक्षम बनाती हैं। कार्बन डाइऑक्साइड को महसूस करने की क्षमता उन्हें संभावित मेजबान की सामान्य दिशा का पता लगाने में मदद करती है। जब वे करीब पहुँचते हैं, तो मानव त्वचा से निकलने वाली गंध और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। शरीर की गर्मी और नमी भी अतिरिक्त संकेत प्रदान करती हैं। मनुष्य के करीब पहुँचने वाला मच्छर इन संकेतों की सहायता से खुली त्वचा का पता लगा सकता है। इंद्रियों का यह अद्भुत संयोजन मच्छर को उस व्यक्ति तक पहुँचने में मदद करता है, भले ही वह व्यक्ति उसे तुरंत दिखाई न दे। एक महत्वपूर्ण जैविक तथ्य यह है कि आमतौर पर मादा मच्छर ही मनुष्यों और अन्य जानवरों को काटती हैं। उन्हें अपने अंडों के विकास के लिए रक्त से मिलने वाले कुछ पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। नर मच्छर सामान्यत: रक्त की तलाश नहीं करते। वे मुख्य रूप से फूलों के रस और पौधों से मिलने वाले अन्य तरल पदार्थों पर निर्भर रहते हैं। यह अंतर इस बात का उदाहरण है कि विकासवाद ने मच्छरों के व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित किया है। मादा मच्छर ने ऐसे प्रभावी संवेदी तंत्र विकसित किए हैं, जिनकी मदद से वह प्रजनन के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त करने वाले मेजबान को खोज सकती है। हर व्यक्ति की त्वचा का रासायनिक वातावरण कुछ हद तक अलग होता है। पसीने में विभिन्न पदार्थ मौजूद होते हैं, जबकि त्वचा पर प्राकृतिक रूप से रहने वाले सूक्ष्मजीव कुछ रसायनों को दूसरे यौगिकों में बदल सकते हैं। इन सभी का मिश्रण शरीर की गंध में योगदान देता है। वैज्ञानिक अध्ययन कर रहे हैं कि ये रासायनिक संकेत मच्छरों के व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित करते हैं। कुछ रसायन मच्छरों को आकर्षित कर सकते हैं, जबकि कुछ अन्य उन्हें किसी व्यक्ति की ओर कम आकर्षित कर सकते हैं। इस क्षेत्र में होने वाला शोध भविष्य में अधिक प्रभावी मच्छर–रोधी साधन और ऐसे जाल विकसित करने में मदद कर सकता है, जो मच्छरों की संवेदी प्रणाली को लक्षित करें। मच्छरों का मनुष्यों की ओर आकर्षण केवल जीव विज्ञान का रोचक विषय नहीं है। इसका सार्वजनिक स्वास्थ्य से भी गहरा संबंध है। मच्छर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, पीला बुखार और कई अन्य संक्रमणों को फैला सकते हैं। यह समझना कि मच्छर मनुष्यों को कैसे खोजते हैं, वैज्ञानिकों को मच्छरों के काटने को कम करने और बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के बेहतर तरीके विकसित करने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिक ऐसे नए उपायों पर भी काम कर रहे हैं, जो मच्छरों की गंध पहचानने की क्षमता में बाधा डाल सकें, बेहतर जाल विकसित कर सकें और मच्छरों को मनुष्यों तक पहुँचने से रोकने के अधिक प्रभावी तरीके उपलब्ध करा सकें। मच्छरों का मनुष्यों की ओर आकर्षण लाखों वर्षों के जैविक अनुकूलन का परिणाम है। जो मच्छर संभावित मेजबान को अधिक प्रभावी ढंग से खोज पाते थे, उन्हें प्रजनन के लिए आवश्यक रक्त प्राप्त करने में लाभ मिलता था। पीढ़ी–दर–पीढ़ी कार्बन डाइऑक्साइड, गंध, गर्मी और अन्य संकेतों को पहचानने वाली उनकी संवेदी प्रणालियाँ अधिक विशिष्ट होती गईं। हमें जो प्रक्रिया केवल एक मच्छर का किसी व्यक्ति की ओर उड़ना लगती है, वह वास्तव में एक अत्यंत विकसित जैविक प्रक्रिया का परिणाम है। मच्छर आकार में बहुत छोटे होते हैं, लेकिन उनकी संवेदी क्षमताएँ आश्चर्यजनक हैं। वे हवा, तापमान, नमी और रासायनिक वातावरण से मिलने वाली विभिन्न सूचनाओं को एक साथ समझकर संभावित मेजबान का पता लगा सकते हैं। इस प्रक्रिया को समझने से यह भी पता चलता है कि जीव–जंतु अपने आसपास के वातावरण के साथ कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। मच्छर केवल मनुष्य को 'देखता' नहीं है, बल्कि वह कई जैविक संकेतों की व्याख्या करता है, जो संभावित मेजबान की मौजूदगी का संकेत देते हैं। इसलिए मच्छरों के मनुष्यों की ओर आकर्षण का रहस्य वास्तव में कोई रहस्य नहीं, बल्कि विकासवाद, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के एक साथ काम करने का अद्भुत उदाहरण है। जैसे–जैसे वैज्ञानिक मच्छरों की संवेदी दुनिया को समझ रहे हैं, उनकी खोजें भविष्य में बेहतर मच्छर–रोधी साधनों, अधिक प्रभावी जालों और मच्छर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने की नई रणनीतियों का मार्ग खोल सकती हैं। अगली बार जब कोई मच्छर आपकी ओर आए, तो याद रखिए—वह आपको संयोग से नहीं खोज रहा होता। वह जैविक संकेतों की एक जटिल श्रृंखला का अनुसरण कर रहा होता है, जिसे विज्ञान अभी पूरी तरह समझने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# भारत की बढ़ती ताकत से बदले चीन के तेवर

भारत और चीन के रिश्ते लंबे समय से उतार-चढ़ाव से गुजरते रहे हैं। दोनों देशों के बीच हजारों किलोमीटर लंबी सीमा, ऐतिहासिक विवाद, रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और एशिया में प्रभाव बढ़ाने की होड़ ने संबंधों को कई बार तनावपूर्ण बनाया है। ऐसे समय में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की बीजिंग यात्रा और चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से उनकी मुलाकात को केवल एक सामान्य कूटनीतिक बैठक के रूप में नहीं देखा जा सकता। इस मुलाकात में सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के साथ-साथ आर्थिक, राजनीतिक और बहुपक्षीय क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई है। यह संकेत जरूर देता है कि दोनों देश टकराव की जगह संवाद और व्यावहारिक सहयोग की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। डोभाल चीन के विदेश मंत्री और भारत-चीन सीमा विवाद के विशेष प्रतिनिधि वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की 25वीं वार्ता में शामिल होने के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। वर्ष 2003 में स्थापित विशेष प्रतिनिधि तंत्र का उद्देश्य भारत और चीन के बीच सीमा विवाद का व्यापक समाधान तलाशना है। लगभग 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े जटिल सवालों का समाधान आसान नहीं है, लेकिन बातचीत का यह तंत्र दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका सबसे बड़ा महत्व यह है कि सीमा पर तनाव की स्थिति बनने पर भी दोनों देशों के बीच संवाद का रास्ता खुला रहता है। चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ डोभाल की मुलाकात में भी सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। चीनी पक्ष की ओर से यह संदेश दिया गया कि भारत और चीन को अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। चीन ने दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमतियों को लागू करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इससे साफ है कि बीजिंग अब भारत के साथ संबंधों को केवल सीमा विवाद के चश्मे से नहीं देखना चाहता, बल्कि व्यापक द्विपक्षीय रिश्तों को भी महत्व दे रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया है। भारत और चीन के रिश्तों का इतिहास बताता है कि दोनों देशों ने मित्रता से लेकर युद्ध और तनाव तक का दौर देखा है। आजादी के बाद भारत ने चीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने की कोशिश की। पंचशील और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की भावना के बावजूद वर्ष 1962 का युद्ध दोनों देशों के संबंधों पर गहरी छाप छोड़ गया। इसके बाद दशकों तक सीमा विवाद दोनों देशों के बीच अविश्वास का बड़ा कारण बना रहा। सीमा पर सैनिकों के बीच तनाव और झड़पों की घटनाओं ने कई बार रिश्तों को प्रभावित किया। चीन और पाकिस्तान के बढ़ते रणनीतिक संबंध भी भारत के लिए चिंता का विषय रहे हैं। पाकिस्तान ने चीन के साथ अपने रक्षा, आर्थिक और रणनीतिक संबंध मजबूत किए और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे जैसी परियोजनाओं ने बीजिंग और इस्लामाबाद की निकटता को और बढ़ाया। भारत की दृष्टि से यह स्थिति इसलिए महत्वपूर्ण रही क्योंकि चीन और पाकिस्तान दोनों ही भारत के आसपास रणनीतिक प्रभाव बढ़ाते रहे हैं। ऐसे वातावरण में भारत के लिए अपनी सुरक्षा क्षमता और कूटनीतिक ताकत मजबूत करना आवश्यक था। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपनी विदेश नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव दिखाया है। भारत अब किसी एक शक्ति के साथ पूरी तरह जुड़ने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर विभिन्न देशों के साथ संबंध विकसित कर रहा है। अमेरिका, रूस, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंध इसका उदाहरण हैं। साथ ही भारत ने वैश्विक मंचों पर अपनी स्वतंत्र रणनीतिक भूमिका भी मजबूत की है। इसका प्रभाव चीन के साथ संबंधों पर भी पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच विभिन्न अवसरों पर हुई मुलाकातों ने भी संवाद का रास्ता बनाए रखने में भूमिका निभाई है। कजान और तियानजिन में दोनों नेताओं की बैठकों के बाद संबंधों को सामान्य दिशा में ले जाने की कोशिशों को गति मिली है। दोनों देशों के बीच यह समझ बढ़ी है कि सीमा पर तनाव का असर पूरे द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ता है। इसलिए सीमा पर शांति बनाए रखना केवल सुरक्षा का विषय नहीं बल्कि आर्थिक और राजनीतिक संबंधों के लिए भी आवश्यक है। भारत की आर्थिक और सामरिक ताकत में पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश का रक्षा ढांचा पहले की तुलना में मजबूत हुआ है। सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, पुल, सुरंग और हवाई पट्टियों का निर्माण तेज हुआ है। भारतीय सेना की तैनाती और बुनियादी ढांचे में सुधार ने सीमा सुरक्षा को नई मजबूती दी है। अंतरिक्ष, मिसाइल, नौसेना, वायुसेना और स्वदेशी रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी भारत ने अपनी क्षमता बढ़ाई है। इसका असर भारत की कूटनीतिक स्थिति पर स्वाभाविक रूप से पड़ा है। यही कारण है कि आज चीन भारत को पहले की तुलना में अलग नजर से देखता है। भारत अब केवल एक पड़ोसी देश नहीं बल्कि एशिया और विश्व राजनीति में तेजी से प्रभाव बढ़ाने वाली शक्ति है। भारत की विशाल अर्थव्यवस्था, युवा आबादी, तकनीकी क्षमता, सैन्य शक्ति और वैश्विक कूटनीतिक पहुंच चीन के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। चीन भी यह समझता है कि भारत के साथ लगातार तनाव रखना उसके दीर्घकालिक हित में नहीं है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि भारत और चीन के बीच सभी मतभेद समाप्त हो गए हैं। सीमा विवाद अभी भी गंभीर मुद्दा है। दोनों देशों के बीच विश्वास पूरी तरह बहाल होने में समय लगेगा। सीमा पर शांति बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन वास्तविक शांति तभी मजबूत होगी जब दोनों पक्ष एक-दूसरे की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करें और विवादित क्षेत्रों में ऐसी गतिविधियों से बचें जिनसे तनाव बढ़ सकता है। भारत को चीन के साथ संबंधों में मित्रता की इच्छा के साथ-साथ सतर्कता भी बनाए रखनी होगी। पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। चीन यदि भारत के साथ स्थायी और शांतिपूर्ण संबंध चाहता है तो उसे सीमा पर स्थिरता के लिए निरंतर प्रतिबद्धता दिखानी होगी। केवल बैठकों और बयानों से विश्वास पैदा नहीं होगा, बल्कि जमीन पर शांतिपूर्ण माहौल और पारदर्शी संवाद से विश्वास मजबूत होगा। भारत के लिए भी चीन के साथ आर्थिक संबंध महत्वपूर्ण हैं। चीन विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था है और दोनों देशों के बीच व्यापार का बड़ा आधार मौजूद है। यदि सीमा पर स्थायी शांति कायम होती है तो व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। लेकिन भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि आर्थिक सहयोग राष्ट्रीय हितों और रणनीतिक सुरक्षा के संतुलन के साथ आगे बढ़े। अजित डोभाल और हान झेंग की मुलाकात इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उस दौर का संकेत देती है जिसमें भारत और चीन अपने मतभेदों के बावजूद संवाद को प्राथमिकता दे रहे हैं। भारत यह संदेश दे चुका है कि वह मजबूत भी है और बातचीत के लिए तैयार भी। चीन के लिए भी यह समझना जरूरी है कि भारत को दबाव में लाकर अपनी शर्तें मनवाना अब आसान नहीं है। भारत की बढ़ती आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक ताकत ने निश्चित रूप से उसकी बातचीत की क्षमता को मजबूत किया है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या चीन भविष्य में भी भारत के साथ इसी तरह शांतिपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखेगा। इसका उत्तर केवल चीन के बयानों से नहीं बल्कि उसके व्यवहार से मिलेगा। यदि बीजिंग सीमा पर शांति बनाए रखने, समझौतों का सम्मान करने और भारत के साथ नियमित संवाद जारी रखने की नीति पर चलता है तो दोनों देशों के रिश्तों में नई शुरुआत संभव है। भारत भी टकराव नहीं चाहता, लेकिन वह अपनी सुरक्षा और सम्मान से समझौता किए बिना संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है। वास्तव में भारत और चीन दोनों के लिए संघर्ष से ज्यादा लाभ सहयोग में है। दोनों एशिया की बड़ी शक्तियां हैं और दोनों की स्थिरता का प्रभाव पूरे क्षेत्र पर पड़ता है। यदि सीमा पर शांति रहती है, राजनीतिक संवाद मजबूत होता है और आर्थिक संबंध संतुलित तरीके से आगे बढ़ते हैं तो यह केवल दोनों देशों के हित में नहीं बल्कि पूरे एशिया के लिए सकारात्मक संकेत होगा। भारत की बढ़ती ताकत ने चीन को यह एहसास जरूर कराया है कि नई दिल्ली के साथ संबंध बराबरी के आधार पर ही आगे बढ़ सकते हैं। अब भारत कमजोर स्थिति में बातचीत करने वाला देश नहीं है। वह अपनी सुरक्षा के प्रति सजग, आर्थिक रूप से मजबूत और वैश्विक मंच पर प्रभावशाली शक्ति बन चुका है। इसलिए चीन यदि सचमुच भारत के साथ स्थायी मित्रवत संबंध चाहता है तो उसे सीमा पर शांति, आपसी सम्मान और दीर्घकालिक भरोसे की नीति को लगातार आगे बढ़ाना होगा। आने वाला समय बताएगा कि बीजिंग की वर्तमान पहल केवल कूटनीतिक संदेश है या वास्तव में भारत-चीन संबंधों में एक नए और अधिक स्थिर अध्याय की शुरुआत।

**कांतिलाल मांडोत**

# बीमार मानसिकता से मुक्ति की हो ईमानदार कोशिश

बरसों पुरानी बात है, शायद मध्य प्रदेश की है। परिगणित जाति की एक महिला सरपंच एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी से मिलने गयी थीं। काम हो जाने के बाद जब वह सरपंच कार्यालय से चली गयीं तो उस अधिकारी ने वह कुर्सी धुलवाकर 'पवित्र' करवायी थी जिस पर परिगणित जाति की महिला बैठी थी! यह समाचार तब कुछ अखबारों में छपा था। कुछ चर्चा भी हुई थी इसे लेकर। पर जल्द ही यह घटना लोग भूल गये। अपने ढंग की अकेली घटना नहीं थी यह। तथाकथित छोटी–जाति वालों के साथ ऐसा घटता रहता है। कभी घोड़े पर चढ़कर बारात ले जाने वाला कथित छोटा जाति वाला कथित उच्च जाति के गुस्से का शिकार बनता है तो कभी किसी स्कूल में छोटी जाति के बच्चों को पृथक बिठाने का समाचार मिलता है। पर हमारी सामाजिक स्मृति में ऐसी घटनाएं बहुत दिन तक नहीं रहतीं। भूल जाते हैं हम कि हमारे तथाकथित समतामूलक समाज में ऐसा भी कुछ घटा है या घट रहा है। नहीं भुलाया जाना चाहिए ऐसी बातों को। इन्हें याद रखना ज़रूरी है ताकि हमें यह अहसास होता रहे कि प्रगति के सारे दावों के बावजूद हमारी सोच कितनी पिछड़ी हुई है। हाल ही में उत्तराखंड के हल्द्वानी में ऐसी ही एक शर्मनाक घटना घटी थी, जिसे याद रखा जाना ज़रूरी है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और




कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ घटी इस घटना का विवरण उन्होंने स्वयं राज्यसभा में दिया था। यह अच्छी बात है कि राज्यसभा में सत्तारूढ़ पक्ष के नेता ने इस प्रकरण की जांच करने का आश्वासन देकर खड़गे जी की पीड़ा पर कुछ मरहम लगाने का काम किया। पर यह पीड़ा सिर्फ खड़गे जी की नहीं है, सिर्फ उनकी ही पीड़ा होनी भी नहीं चाहिए। इस पीड़ा का अहसास उस हर भारतीय को होना चाहिए जो समता और न्याय के आदर्शों में विश्वास करता है, जो यह मानता है कि हमारा संविधान देश के हर नागरिक को समानता का अधिकार देता है।राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने हल्द्वानी में घटी इस शर्मनाक घटना का विवरण देते हुए बताया था कि यहां मैदान में उनका भाषण था, उस जगह और उस मंच को गंगाजल से धोकर शुद्ध किया गया था। शुद्धीकरण का आयोजन करने वाले कथित उच्च वर्ण वालों का कहना था कि जहां यह सभा हुई थी, वहां रामलीला का आयोजन होता है। इसलिए हवन करके जगह को शुद्ध किया गया! इस अस्वीकार्य घटना की जांच कहां तक पहुंची है, पता नहीं। अक्सर ऐसी घटनाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताकर भुला दिया जाता है। पर होना यह चाहिए कि फिर जब कुछ ऐसा घटे तो हम यह अनुभव करें कि स्वतंत्रता के अस्सी साल बाद भी हम सामाजिक ऊंच–नीच के अभिशाप को ढो रहे हैं। जिस संगठन पर हल्द्वानी की इस घटना का आरोप है उसके सदस्यों का कहना है कि खड़गे जी की सभा जिस मैदान में हुई थी, वहां रामलीला का आयोजन होता है, उस जगह का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए था। किसी भी सोचने–समझने वाले विवेकशील व्यक्ति को यह तर्क समझ नहीं आ सकता। कहा यह जा रहा है कि 'शुद्धीकरण' का यह तमाशा चुनावी राजनीति का हिस्सा है। हो सकता है यह आयोजन करने वालों ने चुनावी राजनीति के संदर्भ में यह सब किया हो, पर बात चुनावी राजनीति की ही नहीं है; मामला राजनीतिक टकराव से कहीं ज्यादा उस बीमार मानसिकता का है जो हमें जातियों, वर्गों, वर्णों में बांटती है। जातिगत पूर्वाग्रह कहीं बहुत गहरे तक व्याप्त हैं। हल्द्वानी का यह प्रकरण हमारी सोच पर कुंडली मारकर बैठे इन पूर्वाग्रहों को सामने लाता है। मनुष्यता का तकाज़ा है कि हम इससे उबरें। राजनीतिक स्वतंत्रता हमने लगभग अस्सी साल पहले प्राप्त कर ली थी, पर अधूरी है यह स्वतंत्रता। आवश्यकता सामाजिक रूढ़ियों से उबरकर एक ऐसे समाज को स्वतंत्र बनाने की है जहां व्यक्ति की नाप–तौल उसकी धार्मिक पहचान और उसकी जाति के आधार पर नहीं हो। इस संदर्भ में हमारे संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर का वह संबोधन याद रखने की आवश्यकता है जो उन्होंने संविधान–सभा की आखिरी बैठक में दिया था। अपने उस ऐतिहासिक भाषण में उन्होंने कहा था, '26 जनवरी, 1950 को भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र बन जाएगा, पर उसकी स्वतंत्रता का क्या होगा? वह अपनी स्वतंत्रता फिर से खो तो नहीं देगा?' इसी भाषण में उन्होंने यह भी आगाह किया था कि उन्हें जाति और वर्ण जैसे देश के पुराने शत्रुओं की भी चिंता है। उन्होंने कहा था, 'हमें राजनीतिक जनतंत्र से ही संतुष्ट नहीं हो जाना, हमें इसे सामाजिक जनतंत्र भी बनाना होगा। बिना सामाजिक जनतंत्र के आधार के राजनीतिक जनतंत्र नहीं बन सकता। सामाजिक जनतंत्र का मतलब है एक ऐसी जीवन–पद्धति जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को जीवन के सिद्धांतों के रूप में स्वीकारती है। ये तीनों एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। इन्हें एक–दूसरे से पृथक करने का मतलब जनतंत्र के उद्देश्य को ही समाप्त करना होगा... समानता नहीं होगी तो इसका मतलब बहुतों पर कुछ का आधिपत्य होगा और समानता बिना स्वतंत्रता के व्यक्ति की पहल की क्षमता को नष्ट कर देगी।' स्पष्ट है, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आधार पर ही हम राजनीतिक स्वाधीनता को सही मायने में स्थापित कर सकते हैं। ऐसे में जब हल्द्वानी जैसी कोई घटना सामने आती है तो यह सवाल उठता ही है कि छोटी जाति और बड़ी जाति वाली मानसिकता से हम कब और कैसे मुक्त होंगे? बाबासाहेब अंबेडकर ने अपने 25 नवंबर, 1949 वाले संबोधन में कहा था कि स्वतंत्र भारत में हम विरोधाभासों में जिएंगे।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# रक्षाबंधन पर खाद्य विभाग की छापेमारी, 88 किलो बेसन सीज

» तालबेहट में नेहा सेल्स एजेंसी पर कार्रवाई

» बिना बिल मिला छप्पन भोग ब्रांड का बेसन

» प्रिया स्वीट्स से खोया और आइसक्रीम के नमूने लिए



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने तालबेहट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। अभियान के दौरान टीम ने तालबेहट स्थित नेहा सेल्स एजेंसी पर छापामार कार्रवाई की। यहां भंडारित छप्पन भोग ब्रांड बेसन का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता के पास उक्त खाद्य सामग्री से संबंधित बिल/इनवॉइस उपलब्ध नहीं पाया गया। इसके चलते टीम ने 88 किलोग्राम बेसन सीज कर दिया। इसके अलावा टीम ने प्रिया स्वीट्स, तालबेहट का भी निरीक्षण किया। यहां से खोया और आइसक्रीम के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से त्योहारी सीजन में खाद्य कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति रही। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा खाद्य सामग्री की खरीद-बिक्री से संबंधित आवश्यक अभिलेख और बिल सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। छापामार कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र कुमार पटेल शामिल रहे।

# कूड़ा फेंकने के मामूली विवाद में युवक पर हंसिए से हमला

**ललितपुर**। तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम टेटा मजरा हसारी में घर के बाहर कूड़ा फेंकने और साफ-सफाई को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि तीन लोगों ने घर के दरवाजे पर खड़े युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और धारदार हंसिए से हमला कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे युवक के भाई को भी पीटने का आरोप है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम टेटा मजरा हसारी निवासी दिनेश पुत्र प्रेम सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 1.20 बजे वह अपने घर के दरवाजे के सामने खड़े थे। इसी दौरान गांव के ही दातार पुत्र तुलसी, अजय पुत्र दातार और अभिषेक पुत्र दातार वहां पहुंचे। आरोप है कि घर के दरवाजे पर साफ-सफाई और कूड़ा फेंकने के मुद्दे को लेकर आरोपियों ने अभद्रता शुरू कर दी तथा दिनेश की मां और बहनों के साथ गाली-गलौज करने लगे। दिनेश ने जब इसका विरोध करते हुए गाली देने से मना किया तो आरोपी कथित रूप से उग्र हो गए और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर दिनेश के भाई भगवानदास मौके पर पहुंचे और मारपीट रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने भगवानदास के साथ भी मारपीट की। इसी दौरान धारदार हंसिए से वार किए जाने से दिनेश के हाथ में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद आरोपी कथित रूप से पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। घटना से पीड़ित परिवार में भय का माहौल है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर निकला जश्न-ए-जुलूस, दिया मोहब्बत और भाईचारे का संदेश



स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम समाज की ओर से जश्न-ए-जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने शामिल होकर शांति, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। छोटी-छोटी मुस्लिम बालक-बालिकाएं हाथों में तिरंगा लहराते हुए मोहब्बत और आपसी सौहार्द का पैगाम देती नजर आईं।

जुलूस में युवा और बुजुर्गों ने पैगंबर मोहम्मद साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। घोड़ा-बग्गी पर समाज के बुजुर्ग सवार रहे, जबकि जुलूस के आगे युवा मुस्लिम धर्म के झंडे लहराते हुए चल रहे थे।

जुलूस खाने वाली मस्जिद से शुरू होकर रानीपुर, कदमपुरा, बड़ा बाजार, रंगे ऑफिस और नए बस स्टैंड से होते हुए देर शाम वापस खाने वाली मस्जिद पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने जुलूस का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने आपसी प्रेम, सद्भाव, शांति और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षाबंधन पर महिलाओं को तोहफा, 27 से 29 अगस्त तक बसों में मुफ्त यात्रा

**तालबेहट**। रक्षाबंधन के पर्व पर उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को विशेष तोहफा दिया है। महिलाओं के लिए 27 अगस्त से 29 अगस्त की रात तक सरकारी बसों में एक सहयोगी के साथ मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को यह सुविधा दी जा रही है। इसके तहत महिलाएं अपने साथ एक सहयोगी को लेकर सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

सरकार के इस निर्णय से रक्षाबंधन पर अपने मायके जाने वाली महिलाओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आया युवक, मौके पर मौत

**ललितपुर**। रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर करीब दो बजे एक दर्दनाक हादसे में लगभग 40 वर्षीय अज्ञात युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे एक अज्ञात युवक प्लेटफॉर्म नंबर दो से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए रेलवे पटरी पार कर रहा था। इसी दौरान लूप लाइन पर धीमी गति से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक के शरीर के दो टुकड़े हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। दोपहर करीब 2.30 बजे तक शव को मालगाड़ी के नीचे से निकाला नहीं जा सका था। जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश सिंह परिहार ने बताया कि शव को कब्जे में लेने की कार्रवाई की जा रही है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है और उसकी शिनाख्त सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जीआरपी पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। मृतक की पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना दी जाएगी।

# पं.रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल हाईस्कूल में धूमधाम से मना रक्षाबंधन पर्व

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल हाई स्कूल खडोवरा में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती तथा पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए राखी बनाओ और थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल राखियां तैयार कीं। रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। वहीं छात्रों ने भी अपनी बहनों की सदैव रक्षा करने और हर परिस्थिति में सहयोग देने का संकल्प लिया। छोटे बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

इस दौरान प्रधानाचार्य ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार केवल भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक नहीं है, बल्कि परस्पर विश्वास, सम्मान, सद्भाव और एक-दूसरे की रक्षा के दायित्व का भी संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्व की मूल भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं के बीच मिठाइयां वितरित की गईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# नाले पर अवैध कब्जाः पीली पन्नी की आड़ में दुकान का निर्माण, बारिश में डूबेगा शहर



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

शहर की बदहाल जल निकासी व्यवस्था के बीच गेंदालाल पेट्रोल पंप के पास नाले पर धड़ल्ले से दुकान बनाने का मामला सामने आया है। नाले को पीली पन्नी से ढककर बेहद चालाकी से निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। पहले से ही संकरा हो चुका यह नाला यदि पूरी तरह बंद हुआ, तो आगामी मानसून में आसपास के इलाकों और मुख्य सड़कों पर भीषण जलभराव का खतरा पैदा हो जाएगा।

### बीमारियों और जलजमाव का बढ़ा खतरा

क्षेत्र में हल्की बारिश में भी पानी रुकने की समस्या पुरानी है। नाले का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होने से न केवल बारिश का पानी रुकेगा, बल्कि नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैलेगा। इससे दुर्गंध के साथ-साथ डेंगू और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों के फैलने की पूरी आशंका है।

### आज की अनदेखी, कल की तबाही

यह मामला सिर्फ एक दुकान के बनने का नहीं, बल्कि पूरे इलाके की सुरक्षा से जुड़ा है। समय रहते अगर इस निर्माण को न रुकवाया गया तो आने वाले दिनों में यह प्रशासनिक लापरवाही पूरे शहर के लिए मुसीबत का सबब बनेगी।

### प्रशासनिक सुस्ती पर उठे गंभीर सवाल

नालों को अतिक्रमण मुक्त कराने के दावों के बीच खुलेआम चल रहा यह निर्माण नगरपालिका और स्थानीय प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सीधा प्रहार करता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि काम पूरा होने के बाद इसे हटाना जटिल हो जाएगा, इसलिए प्रशासनिक टीम को तुरंत पैमाइश कराकर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाना चाहिए।

# छेड़खानी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**ललितपुर**। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ थाना जाखलौन में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज था और वह मामले में वांछित था। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में थाना जाखलौन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक थाना जाखलौन में दर्ज मु.अ.सं. 157/2026, धारा 74, 333, 115(2), 352, 123 बीएनएस में वांछित अभियुक्त ग्राम पटौराखुर्द निवासी नीरज राजपूत पुत्र रामखिलान राजपूत को 26 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राम प्रकाश, उपनिरीक्षक संत किशोर शुक्ला शामिल रहे।

# माताटीला बांध के 15 गेट खोले, 38 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा

## सुकुमा-डुकुंवा बांध से भी जारी है जल निकासी

स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट





यूपी समेत मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के चलते बेतवा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। राजघाट बांध से पानी छोड़े जाने के बाद माताटीला बांध में भी जलस्तर बढ़ गया। इसके चलते सिंचाई निर्माण खंड के अधिकारियों ने माताटीला बांध के 15 गेट खोलकर करीब 38 हजार क्यूसेक पानी की निकासी शुरू कर दी है।

माताटीला बांध से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण बेतवा नदी उफान पर है। वहीं सुकमा-डुकमा बांध के जरिए भी पानी बेतवा नदी में छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का जलस्तर और बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

माताटीला सिंचाई निर्माण खंड के सहायक अभियंता रामफल सिंह ने बताया कि बांध में लगातार पानी की आवक हो रही है। फिलहाल 15 गेट खोलकर करीब 38 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जलस्तर बढ़ने पर पानी की निकासी और बढ़ाई जा सकती है।

प्रशासन ने बेतवा नदी किनारे बसे गांवों में सूचना भेजकर लोगों को सतर्क रहने और नदी के आसपास नहीं जाने की अपील की है।

# जहां सुविधाएं सीमित, वहां विज्ञान की पहुंच सुनिश्चित कर रहे जिलाधिकारी

## नाराहट में 700 विद्यार्थियों ने देखी विज्ञान बस, प्रयोगों के जरिए सीखा विज्ञान

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक विज्ञान की आधुनिक जानकारी और प्रयोगात्मक शिक्षा पहुंचाने की दिशा में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की पहल रंग ला रही है। इसी क्रम में जनपद के दूरस्थ क्षेत्र नाराहट स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़ी गतिविधियों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए विज्ञान बस का आगमन हुआ। विज्ञान बस में करीब 700 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने पहुंचकर विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों और गतिविधियों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन तथा डीआईओएस ओमप्रकाश एवं बीएसए रत्नेश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ द्वारा संचालित विज्ञान बस को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया। विज्ञान बस का लाभ स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज नाराहट के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ श्री छत्रसाल जिला परिषद हाई स्कूल नाराहट, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाराहट, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाराहट, कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोंगरा खुर्द, पटेल ग्राम उत्थान इंटर कॉलेज बनयान तथा वृंदावन लाल एजुकेशनल कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी लिया। विज्ञान बस में विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़े विभिन्न नए-नए प्रयोगों की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने प्रयोगों को नजदीक से देखा और वैज्ञानिक गतिविधियों को समझने का प्रयास किया। इस दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया। प्रयोगात्मक तरीके से विज्ञान की जानकारी मिलने से विद्यार्थियों को विषय को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला। दूरस्थ क्षेत्र में विज्ञान बस पहुंचने से विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी हैं, क्योंकि इससे उन्हें किताबों में पढ़े विज्ञान को प्रयोगों के माध्यम से समझने का अवसर मिलता है। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में मदद मिलेगी।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित युवक गिरफ्तार

**ललितपुर**। नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले में वांछित चल रहे 19 वर्षीय युवक को जाखलौन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जाखलौन थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना जाखलौन में दर्ज मु.अ.सं. 175/2026 धारा 137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम धौजरी निवासी नरेश पुत्र तेजा सहरिया को पुलिस टीम ने 25 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राम प्रकाश, उपनिरीक्षक राकेश कुमार शामिल रहे।

## सुकुवां-दुकुवां बांध में डूबने से युवक की मौत, शव की तलाश जारी

**तालबेहट**। सुकुवां-ढुकुवां बांध में नहाते समय तेज पानी के बहाव में बहने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 20 वर्षीय सुखदेव पुत्र खयाली अहिरवार निवासी पूराविरधा के रूप में हुई है।

बताया गया कि सुखदेव बांध में नहाने गया था। इसी दौरान वह तेज पानी के बहाव की चपेट में आकर बह गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की। समाचार लिखे जाने तक युवक का शव बरामद नहीं हो सका था। उसकी खोजबीन जारी थी।

## अमृत भारत एक्सप्रेस में महिला यात्री का डेढ़ लाख का जेवरात और नगदी से भरा ट्रॉली बैग चोरी

**मंगलसूत्र, अंगूठी, नथ, कान के टप्स समेत 1.53 लाख रुपये का सामान गायब**

ललितपुर। ट्रेनों में यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस में एक महिला यात्री का जेवरात और नगदी से भरा ट्रॉली बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। ट्रेन में सफर के दौरान महिला ने अपना ग्रे रंग का ट्रॉली बैग बर्थ के नीचे रखा था। नींद खुलने पर बैग गायब मिला। बैग में सोने-चांदी के जेवरात और नगदी समेत करीब 1.53 लाख रुपये का सामान बताया गया है। शिकायत पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, नेहा मौर्या पत्नी श्रवण कुमार मौर्या, निवासी ग्राम केन सिराथु, सैनी, कौशाम्बी, 28 जुलाई 2026 को अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 22589 अमृत भारत एक्सप्रेस से फतेहपुर से रानी कमलापति (भोपाल) की यात्रा कर रही थीं। परिवार को ट्रेन के कोच एस 04 में बर्थ संख्या 80, 76 और 79 आवंटित थीं। यात्रा के दौरान नेहा ने अपना ग्रे रंग का ट्रॉली बैग बर्थ संख्या 80 के नीचे रख दिया और उसी बर्थ पर सो गईं। नेहा के मुताबिक ट्रेन जब ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो उनकी आंख खुली। बाथरूम जाने के लिए जब उन्होंने बर्थ के नीचे रखी अपनी चप्पल निकालने के लिए देखा तो ट्रॉली बैग गायब था। काफी तलाश के बाद भी बैग का पता नहीं चला। बैग में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी गायब होने से महिला के होश उड़ गए। नेहा ने पुलिस को बताया कि ट्रॉली बैग में बड़ा सोने का मंगलसूत्र (आठ दानों वाला बड़ा पेंडल) करीब 55 हजार रुपये, छोटा सोने का मंगलसूत्र करीब 20 हजार रुपये, सोने की अंगूठी करीब 30 हजार रुपये, सोने की नथ करीब 12 हजार रुपये, सोने के कान के टॉप्स का जोड़ा करीब 25 हजार रुपये, चांदी की बिछिया करीब 3 हजार रुपये, नगदी 8 हजार रुपये, ग्रे रंग का ट्रॉली बैग, जिसमें कपड़े रखे हुए थे। चोरी गए जेवरात और नगदी की कुल कीमत करीब 1,53,000 रुपये है। घटना के बाद महिला ने अपनी यात्रा पूरी करने के पश्चात जीआरपी थाना रानी कमलापति में शिकायत दर्ज कराई। प्रारंभिक शिकायत के बाद घटना का क्षेत्राधिकार ललितपुर रेलवे स्टेशन से संबंधित होने के कारण मामला जीआरपी अनुभाग झांसी के थाना जीआरपी ललितपुर को स्थानांतरित किया गया। जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त नीलेश दुबे गिरफ्तार




ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बार पुलिस ने बुधवार 26 अगस्त 2026 को गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत के थाना शाहगढ़ के ग्राम नौगवां निवासी नीलेश दुबे उर्फ नीलू पुत्र रमेश दुबे को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बार में मु.अ.सं. 18/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है और वह इस अभियोग में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त नीलेश दुबे उर्फ नीलू के विरुद्ध के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना बार के प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा तथा उपनिरीक्षक मान सिंह मय पुलिस टीम शामिल रहे।

# जश्न-ए-विलादत में गूंजे नबी की शान में नारे, निकला भव्य जुलूस-ए-मुहम्मदी

स्वतंत्र प्रभात | महरौनी







हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मीलादुन्नबी का पर्व नगर में हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। नगर में घरों, मस्जिदों, मदरसों और मजारों को आकर्षक रोशनी एवं हरे परचम से सजाया गया। मंगलवार रात मंजपुरा में महफिल-ए-मीलाद का आयोजन हुआ, जिसमें बाहर से आए मौलानाओं ने पैगम्बर साहब के जीवन एवं उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला।

बुधवार सुबह जामा मस्जिद से मदरसा नुरूल इस्लामियां के बच्चों ने परचम कुशाई जुलूस निकाला। शाम करीब पांच बजे टपरियन मस्जिद की मदार-ए-पाक कमेटी के नेतृत्व में मुख्य जुलूस शुरू हुआ। आशिक-ए-रसूल कमेटी मड़ावरा रोड, शेर-ए-हुसैन कमेटी पुराना सौजना रोड, मुजाहिद-ए-मिल्लत कमेटी मंजपुरा, गुलाम-ए-रसूल कमेटी तालाबपुरा एवं नौजवान कमेटी महरौनी सहित विभिन्न कमेटियों के लोग बैंड-बाजों, घोड़ों और हरे झंडों के साथ शामिल हुए।

जुलूस मदरसा नुरूल इस्लामियां से मंडी रोड, ललितपुर रोड, सिविल लाइन, इंदिरा चौराहा, मुख्य बाजार, माता मंदिर एवं रामलीला मैदान होते हुए मदरसा इस्लामियां पहुंचकर सम्पन्न हुआ। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर, मीठा व शर्बत वितरित कर जुलूस का स्वागत किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ोनिया ने भी जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। जुलूस में आकर्षक अखाड़ा प्रदर्शन एवं आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

समापन पर जामा मस्जिद के पास मीलाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें पैगम्बर साहब की शिक्षाओं पर चलने तथा आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की गई। पूरे जुलूस के दौरान उपजिलाधिकारी मु जासिम, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ोनिया सहित समस्त पार्षद एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

जुलूस को सफल बनाने में मकसूद अली मौलबी, रहबर अली, सरफराज अली एड., मोहम्मद खां एड., समद खान एड., इमाम राईन, जावेद पठान, मुहब्बत अली रिजबी, उमर पठान, साबिर अली, इकबाल मंसूरी, नसीम मंसूरी, जावेद अख्तर, अनवर रजा, सैफ अली, आमिर पठान, बसीम खान, इरशाद मंसूरी, इरशाद अली एड., साबिर राईन, बाकिर अली, खुर्शीद अली, नईम रजा, फैजान अली, इम्तियाज खां, आबिद अली, सोहिल अली, गफूर अली, जाविद अली, कय्यूम अली भाईजान सहित अनेक समाजसेवियों एवं नागरिकों का सहयोग रहा।

# लगातार बारिश में भरभराकर गिरा गरीब का आशियाना

» कच्चा मकान ढहने से परिवार बेघर

» प्रशासन से आर्थिक सहायता और सुरक्षित आवास की गुहार



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

लगातार हो रही बारिश ने गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बार कस्बे में कन्या पाठशाला के पास रहने वाले शिवाकांत सेन का जर्जर कच्चा मकान बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे भरभराकर ढह गया। देखते ही देखते परिवार का आशियाना मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि मकान गिरने के समय परिवार के सदस्य अंदर मौजूद नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। पीड़ित शिवाकांत सेन पुत्र हरप्रसाद सेन ने बताया कि वह लंबे समय से अपने परिवार के साथ इसी कच्चे मकान में किसी तरह गुजर-बसर कर रहा था। मकान पहले से ही काफी जर्जर था और पिछले तीन-चार दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते उसकी कच्ची दीवारें लगातार कमजोर होती जा रही थीं। बुधवार सुबह करीब पांच बजे अचानक दीवार भरभराने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो एक तरफ की दीवार आधे से अधिक गिर चुकी थी, जबकि दूसरी कच्ची दीवार भी दरकने लगी थी। परिवार को सुबह से ही मकान गिरने का अंदेशा बना हुआ था। बारिश से बचाव के लिए मकान पर पन्नी भी डाली गई थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश के आगे यह इंतजाम भी बेअसर साबित हुआ।

आखिरकार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पूरा मकान भरभराकर जमीन पर आ गिरा। मकान गिरने से परिवार के सामने सिर छिपाने का संकट खड़ा हो गया है। शिवाकांत सेन ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका एक अन्य कच्चा मकान भी ढह गया था। इस मकान में वह अपने मवेशियों को बांधता था। अब दूसरा मकान भी गिर जाने से परिवार की परेशानी और बढ़ गई है। लगातार बारिश के बीच परिवार के सामने रहने और सामान सुरक्षित रखने की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित ने बताया कि वह पहले रोडवेज बस में परिचालक के पद पर कार्यरत था। वर्ष 2022 में बसों का संचालन बंद होने के बाद उसका रोजगार भी छिन गया। इसके बाद वह बार कस्बे में रहकर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर बनी हुई थी। शिवाकांत के अनुसार उसका पुत्र रोजगार के सिलसिले में गुजरात गया था और वहां से पैसे भेजकर परिवार के खर्च में सहयोग करता था। लेकिन बीती 9 अगस्त को गुजरात के भरूच जिले में मोटरसाइकिल से उसका एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद उसे वापस घर आना पड़ा। वर्तमान में उसके इलाज पर भी काफी खर्च हो रहा है। ऐसे में परिवार पहले से आर्थिक संकट से जूझ रहा था और अब मकान ढह जाने से उसकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर मौके का निरीक्षण कराने, आपदा राहत के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा परिवार के लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई है। परिवार को उम्मीद है कि प्रशासन बारिश से उत्पन्न इस संकट में उनकी मदद के लिए शीघ्र कदम उठाएगा।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं को निःशुल्क बस सेवा का तोहफा, पुलिस लाइन सभागार में हुआ भव्य कार्यक्रम

## महिला सशक्तिकरण के तीन आयाम सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर मातृशक्ति को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रदेश की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। इसी क्रम में पुलिस लाइन सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, सदर विधायक मनीष असीजा, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मेयर कामिनी राठौर, महानगर उपाध्यक्ष रामनरेश कटारा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. कल्पना जायसवाल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



**सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर जोर**

मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति ने महिला सशक्तिकरण के तीन प्रमुख आयामों सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लगातार महिलाओं तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं और बहनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का उद्देश्य महिलाओं को आवागमन के लिए किसी पर निर्भर न रहने देना है। मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था काफी सुदृढ़ हुई है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है।

**बहनें भाइयों के साथ सैनिकों को भी बांधें रक्षा सूत्र**

सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि सरकार ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की सभी बहनों के लिए तीन दिनों तक निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा शुरू की है। उन्होंने बहनों से अपील की कि वे अपने भाइयों के साथ-साथ देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों को भी रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करें। टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि सरकार द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर योजना का शुभारंभ किया गया है। रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा का तोहफा देकर सरकार ने मातृशक्ति को सम्मान देने का कार्य किया है। मेयर कामिनी राठौर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

**मतदाता सूची में 18 वर्ष की महिलाओं के नाम जुड़वाने की अपील**

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी जिन महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल होने से रह गए हैं, वे अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। जिलाधिकारी ने महिलाओं से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सुदर्शन कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# खबर का हुआ असर 48 घंटे से बंद पड़ी विद्युत व्यवस्था हुई संचालित

## अधिकारियों ने लिया संज्ञान शुरू कराई विद्युत सप्लाई





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/ नवाबगंज तहसील के विकासखंड भदपुरा में स्थित क्यों लड़ियां विद्युत उपकेंद्र है यहां से विकासखंड के 78 ग्रामों को बिजली सप्लाई की जाती है जो 48 घंटे तक बंद पड़ी रही भाग के किसी भी अधिकारी कर्मचारियों ने फोन तक उठाना संभव नहीं समझा इसके बाद इस खबर को स्वतंत्र प्रभात अखबार द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया इस पर अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए। विद्युत व्यवस्था को संचालित कराया गया क्षेत्र में बिजली आपूर्ति शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली और स्वतंत्र प्रभात अखबार को बधाई दी ज्ञात रहे 48 घंटे तक बिजली व्यवस्था चालू न होने के कारण यहां के विकास कार्यालय के सभी कप्यूटर बंद पड़े रहे कोईभी सरकारी कार्य नहीं हो सका इससे पूरे क्षेत्र में बिजली केलिए हा हा कार मच गया था। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा फोनभी ना उठाए जाने से लोग सकते में आ गए इसकी शिकायत एसडीम नवाबगंज सचिन यादव सेकी गई आयुक्त बरेली मंडल शंभूकुमार से की गई थी इसी खबर का प्रकाशन होने के बाद अधिकारियों की मेहनत रंगलाई और क्षेत्र की जनता को बिजली आपूर्ति प्राप्त हो गई।

# रामलीला आयोजन को लेकर नगर रामलीला कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला** – श्री शिव समाधि मंदिर नगर रामलीला कमेटी टूण्डला की एक आवश्यक बैठक रामलीला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह (रघु धाकरे) ने की। बैठक में आगामी नगर रामलीला महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित कराने को लेकर पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। बैठक में रामलीला के आयोजन, व्यवस्थाओं तथा नगर में होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष रघु धाकरे ने बताया कि रामलीला मंचन स्थान को लेकर उच्च न्यायालय में जो पिल दाखिल की गई है, पिल दाखिल करने वाले पक्ष के लोगों से बात की गई है, उन्होंने नवीन रामलीला कमेटी को बधाई दी है,और कहा है कि उच्च न्यायालय का जो भी निर्णय निकलेगा उसमे ठोस सहयोग किया जाएगा। अध्यक्ष रघु धाकरे ने नगर की जनता को अवगत कराया है कि इस बार रामलीला का मंचन भव्य और सुन्दर रूप से किया जाएगा। कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि भगवान श्रीराम की लीला का आयोजन नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से समाज में भगवान श्रीराम के आदर्शों,मर्यादा, सत्य और धर्म का संदेश पहुंचता है। कमेटी की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ सहयोग करने का आह्वान किया गया। साथ ही नगरवासियों से भी रामलीला महोत्सव में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की गई। बैठक में नगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह (रघु धाकरे)कोषाध्यक्ष ऋषि यादव बंटी यादव,महामंत्री शशांक प्रताप सिंह आशु परमार हनी जादौन रूपेश शुक्ला संजय सिंह एडवोकेट शशांक प्रताप सिंह गौरव धाकरे सत्य प्रकाश बघेल पारस जैन ललित जैन धर्मेंद्र नौहवार भोला श्रोतिया मुकुल चौधरी जीतू चौधरी कुलदीप जादौन, कुलदीप चौधरी, लक्ष्मी देवी,ओमवती,शारदा देवी आशा देवी अनीता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कानपुर।** थाना शिवराजपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान टीकम सिंह चौहान (47) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना शिवराजपुर में मुकदमा अपराध संख्या 188/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2), 352 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय माती, कानपुर देहात के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया।

# पार्क प्रकरण में मुख्यमंत्री कार्यालय का हस्तक्षेप, नगर विकास विभाग को भेजा गया मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गोविंद नगर ब्लॉक-8 स्थित सार्वजनिक पार्क में कथित अतिक्रमण, धार्मिक संरचना एवं नवीन निर्माण के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण को नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव को अग्रसारित किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से यह कार्रवाई 18 अगस्त 2026 को की गई है। जनहित याचिका संख्या 1023/2026 के याचिकाकर्ता प्रकाश वीर आर्य की ओर से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल 2026 को सार्वजनिक पार्क को अतिक्रमणमुक्त कर उसके मूल स्वरूप में बहाल करने तथा पार्क की भूमि का उपयोग पार्क/खेल मैदान के रूप में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बावजूद जिलाधिकारी कार्यालय को भेजे गए प्रकरण में उद्यान विभाग द्वारा 21 जुलाई 2026 को ऐसी जांच आख्या प्रस्तुत की गई, जिसमें विवादित निर्माण को 'पूर्व से निर्मित मंदिर' बताया गया, जबकि उनके अनुसार निरीक्षण के समय भी संबंधित संरचना पर गुंबद का निर्माण कार्य चल रहा था और नवीन निर्माण के प्रत्यक्ष प्रमाण मौजूद थे। शिकायत में जांच आख्या पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि यदि संबंधित भूमि नगर निगम/केडीए के अभिलेखों में सार्वजनिक पार्क/ओपन स्पेस के रूप में दर्ज है तो विवादित निर्माण के निर्माण वर्ष, आयु, स्वीकृति, अनुमति तथा वैधानिक अभिलेखों का परीक्षण किया जाना चाहिए था। केवल स्थल का फोटो लेकर किसी निर्माण को 'पूर्व से निर्मित' बता देना अभिलेखीय एवं निष्पक्ष जांच का विकल्प नहीं हो सकता। प्रकाश वीर आर्य ने मुख्यमंत्री कार्यालय से 21 जुलाई की जांच आख्या को निरस्त कर स्वतंत्र एवं वरिष्ठ अधिकारी से पुनः जांच कराने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि विवादित निर्माण को 'पूर्व से निर्मित मंदिर' बताने का आधार स्पष्ट किया जाए और यह बताया जाए कि इसके समर्थन में कौन-कौन से सरकारी अभिलेख, स्वीकृति, अनुमति अथवा अन्य वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। शिकायत में पार्क में कथित अतिक्रमण एवं नवीन निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका और पूर्व एवं वर्तमान कार्यप्रणाली की भी जांच कर व्यक्तिगत जवाबदेही निर्धारित करने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री कार्यालय से माननीय हाईकोर्ट के 22 अप्रैल 2026 के आदेश का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा पार्क को सभी अवैध अतिक्रमण एवं नवीन निर्माण से मुक्त कर उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने का भी अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा 18 अगस्त को प्रकरण नगर विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को अग्रसारित किए जाने के बाद अब इस मामले में शासन स्तर पर होने वाली कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।




# विधायक का प्रयास लाया रंग: ढीमरपुरा और सजेहरा की सड़क शासन से स्वीकृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- माधोगढ़ विधानसभा के अंतर्गत नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र के अति पिछड़े गांव ढीमरपुरा और सजेहरा से मध्यप्रदेश की सीमा तक डामरयुक्त नई सड़क के निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति दिलाए जाने में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन का प्रयास रंग लाया है। विधायक की पहल पर उक्त दोनों प्रमुख सड़कों सहित कोंच क्षेत्र की कुछ अन्य सड़कों के भी निर्माण कार्य को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर संबंधित ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक का आभार जताया है। बुधवार को जानकारी देते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने बताया कि क्षेत्र के अति पिछड़े गांव ढीमरपुरा में आवागमन के लिए अभी तक कोई पक्की सड़क नहीं है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेकर शासन स्तर पर पैरवी की जिससे नई सड़क के निर्माण कार्य को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि ढीमरपुरा गांव से एमपी सीमा की ओर 1.100 किमी लंबी दूरी तक 7 मी. चौड़े मिट्टी के प्लेटफॉर्म पर पौने 4 मी चौड़ी डामरयुक्त सड़क डाली जाएगी, सड़क निर्माण कार्य में 1 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र के ही गांव सजेहरा से लेकर एमपी सीमा तक 2.350 किमी लंबी दूरी की सड़क का निर्माण कार्य 2 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा जिसकी स्वीकृति शासन से हो गई है और जल्द ही टेंडर आदि प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुणवत्तायुक्त सड़क बनाई जाएगी। वहीं क्षेत्र के कोंच-महेशपुरा मार्ग पर जुझारपुरा गांव से हिंगुटा गांव तक और कैलिया रोड से ऊमरी गांव तक संपर्क मार्ग की मरम्मत कार्य को भी स्वीकृति मिल गई है। विधायक ने कहा कि आवागमन जैसी मूलभूत समस्या क्षेत्र में नहीं रहने दी जाएगी, जो भी कुछ सड़कें नए सिरे से बनने के लिए बाकी रह गई हैं वह क्रमबद्ध तरीके से बनवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करना उनका दायित्व के साथ कर्तव्य भी है जिससे वह कभी पीछे नहीं हटेंगे।



**गौरतलब हो कि नदी किनारे स्थित ढीमरपुरा गांव में आवागमन के लिए अभी तक कोई पक्की सड़क नहीं है। उक्त गांव एमपी और यूपी सीमा के बीच फंसा हुआ है जिससे इस गांव में मूलभूत समस्याये व्याप्त हैं और ग्रामीण लंबे समय से गांव के विकास की बाट जोह रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत इस सड़क निर्माण कार्य से उन्हें पूरी तरह से लाभ नहीं मिल सकेगा, ग्रामीणों की मांग है कि यूपी के हिस्से की 1.100 किमी सड़क निर्माण के बाद भी उन्हें एमपी सीमा तक 2.200 किमी दूरी का रास्ता (एमपी का हिस्सा) कच्चा ही तय करना पड़ेगा। उनका कहना है नदी पर पुल बन जाने से उनकी सड़क की समस्या हल हो सकती है।**

# नगर में शानो-शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, नवी की आमद मरहबा। आमना का लाल आया रसूल या रसूल के नारों की गूंज और हरे परचमों के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी शानो-शौकत के साथ बुधवार को नगर में निकाला गया। उधर सुबह से हो रही बारिश ने जुलूस में खासा खलल डाला जिसके चलते जुलूस अपने निर्धारित समय से देर में उठ सका। पैगम्बर ए इस्लाम मोहम्मद साहब की यौमें विलादत जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के जेरे एहतमाम में दोपहर नमाज जोहर के बाद मस्जिद जीनतुल इस्लाम तिलक नगर से कमेटी के सदर हाफिज अताउल्लाह खां गौरी एवं जुलूस के सदर शमशुद्दीन मंसूरी सभासद ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। जुलूस कटरा बाजार, स्टेट बैंक, खेरा चौराहा, आराजी लैन से होता हुआ आजाद नगर पहुंचा। मानिक चौक पर जुलूस के सदर शमशुद्दीन मंसूरी को मो.उमर ने पगड़ी बांधी जबकि कमेटी के प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी ने सनद भेंट की। जुलूस में शामिल लोग झंडे लहराते हुए डीजे पर बज रहे गानों पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे जबकि बच्चे घोड़ों पर सवार थे। जुलूस में चल रहे अकीदतमंदों को कई स्थानों पर हलुवा, खीर और शर्बत बांटा गया, साथ ही फूल बरसाए गए। जुलूस में कमेटी अध्यक्ष हाफिज अताउल्लाह खां गौरी, सेकेट्री हाजी मोहम्मद अहमद, प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार, अशफाक गौरी, हाजी सेठ नासिर, सभासद आजादउद्दीन, मो.जाहिद, अहमद खां, काजी जहीरूद्दीन, मो.वसीम सिद्दीकी, कांग्रेस जिला महासचिव अनिल पटैरया, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित, नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, सपा नगर अध्यक्ष और सभासद अमित यादव, सपा छात्रसभा जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा, बसपा नेता आशीष पांडेय, सभासद दंगल यादव, माधव यादव, महावीर यादव, शकील मकरानी, सुल्तान राईन, सनी मंसूरी, मो. गनी सिद्दीकी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस देर शाम जामा मस्जिद पुरानी तहसील पर सलातो सलाम के साथ व मुल्क में अमन चैन की दुआ के साथ संपन्न हुआ जिसके बाद तबर्रुक बांटा गया। वहीं, जुलूस में सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। एसडीएम अभिनव कुमार एवं सीओ परमेश्वर प्रसाद के निर्देशन व कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा।





# सलैया पुल पर बारिश से मिट्टी कटान होने पर चारपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक



**कोंच(जालौन)**- लगातार हो रही बारिश से पहूंज नदी का बहाव भी तेज हो गया है। ग्राम सलैया पर बने पुल के समीप तेज बहाव से हो रही कटान को देखते हुए प्रशासन ने अब चारपहिया वाहनों के आने-जाने पर भी रोक लगा दी है। वहीं नदीगांव पुल के पास भी तेज बहाव से मिट्टी धसक गई जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है, यहां पर बेरिकेटिंग लगा दी गई है। मंगलवार से लगातार हो रही बारिश को देखते हुए एसडीएम अभिनव कुमार ने सीओ परमेश्वर प्रसाद और पीडब्ल्यूडी के जेई शिवलखन सिंह के साथ कैलिया और नदीगांव क्षेत्र का भ्रमण कर बारिश के पानी का जायजा लिया है। एसडीएम ने बताया कि सलैया पुल पर तेज बहाव से हो रही कटान को देखते हुए चारपहिया वाहन बंद कर दिए गए हैं और पुलिस पिकेट लगा दी गई है। उधर नदीगांव में बने पुल पर मध्यप्रदेश की तरफ तेज बहाव से मिट्टी धसक गई है। यहां पर एई नंदकिशोर द्वारा बेरिकेटिंग कराई जा रही है। एई ने बताया कि फिलहाल अभी कोई खतरा नहीं है, बारिश से पुल के किनारे की मिट्टी धसकी है जिसकी भराई जल्द ही कराई जाएगी। एसडीएम ने बताया कि बारिश को देखते हुए लेखपालों को टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। अभी तक तहसील क्षेत्र में 8 से 10 मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है जिसको लेकर जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

# उल्लास के साथ निकाली गई कांवड़ यात्रा, भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- भोलेनाथ के प्रति आस्था से परिपूर्ण पावन श्रावण मास के अवसर पर अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में बुधवार को रामकुंड कोंच से कौशलेश्वर महादेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यात्रा में समाज की महिला पुरुषों और बच्चों समेत बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया। कांवड़ यात्रा में सम्मिलित शिवभक्तों ने रामकुंड से अपने पात्रों में कुंड का जल भरा और शिव स्तुति के साथ पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए मंदिर के लिए प्रस्थान किया। कांवड़ यात्रा में शामिल कांवड़िए 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' का जयघोष करते हुए आगे बढ़े। यात्रा मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने कांवड़ियों का स्वागत किया, साथ ही जलपान की व्यवस्था की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने भी कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। रास्ते भर शिवभक्ति का माहौल देखने को मिला। वहीं यात्रा के कौशलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर कांवड़ियों ने भगवान शिव का पवित्र जल से जलाभिषेक किया और भोलेनाथ से परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उक्त आयोजन को लेकर समाज के अध्यक्ष मुकेश सोनी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ ही सद्भाव एवं धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं। कांवड़ यात्रा में ज्ञान सोनी, अरविंद सोनी, सुरेश सोनी, प्रह्लाद कौशल, जयप्रकाश सोनी, मनोज कौशल, हरदयाल सोनी, मनीष सोनी, बाबा रामू सोनी, मुन्ना सोनी, आनंद सोनी, सचिन सोनी, सत्यम सोनी, अनिल सोनी, प्रदीप सोनी आदि शामिल रहे।



# लगातार बारिश बनी मुसीबत,कहीं जलभराव तो कहीं कच्चे घर गिरे

**कोंच(जालौन)**- मंगलवार से ही लगातार हो रही बारिश ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। नगर का कई इलाके बुरी तरह जलमग्न हो गए हैं तो कहीं कच्चे घर जमींदोज हो जाने से गरीबों के सिर से छत छिन गई है। हालांकि रुक रुक कर हो रही बारिश ने बुधवार की सुबह तेजी पकड़ ली और मूसलाधार बारिश ने खेतों को तो तालाब बना ही दिया है, सड़कें और गलियां भी बुरी तरह जलमग्न हो गए। बारिश के चलते नगर के मोहल्ला आराजीलेन में रहम इलाही कुरैशी के मकान से लेकर कुरैशियान मस्जिद के आसपास के इलाके में अच्छा खासा जलभराव हो गया। स्थिति यह है कि बगल से निकले नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर घुटनों तक भर गया जिससे लोगों को गंदे पानी में से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। इलाकाई लोगों का कहना है कि इसी रास्ते से जुलूस-ए-मोहम्मदी का जुलूस भी निकलना है और जलभराव के चलते गंदे पानी में से होकर जुलूस निकालना कैसे संभव है। लोगों का कहना है कि जुलूस के मद्देनजर कमेटी के लोगों द्वारा पानी की निकासी के लिए पहले ही प्रशासन और नगर पालिका ईओ को अवगत करा दिया गया था लेकिन इस विकट और गंभीर समस्या पर ध्यान ही नहीं दिया गया जो अब परेशानी और चिंता का सबब बन गया है। इलाकाई लोगों का कहना है कि मोहल्ला आराजीलेन और भगत सिंह नगर इलाके में स्थित पुराने ताल-तलैया और नाले-नालियों पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं जिससे पानी की निकासी पूरी तरह से बंद हो गई है, फलस्वरूप जरा सी ही बारिश में जलभराव की समस्या से यहां के लोगों को दो-चार होना पड़ जाता है।

# संक्षिप्त खबरें

## कार मे युवती से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार हुआ

**संवाददाता प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के वादी ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी पुत्री कटरा मेदनीगंज स्थित मां शीतला देवी मन्दिर दर्शन करने गई। दर्शन कर वापस जाने के लिए साधन का इंतजार कर रही थी कि इसी दौरान मो. आरिश पुत्र मो. आरिफ निवासी घोसियाना बेगम वार्ड कोतवाली नगर ने उसके पिता को जानने की बात कहकर कार मे बैठा लिया और एटीएल ग्राउंड ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने कार में नाबालिग लड़की को देखकर हस्तक्षेप किया तब मो. आरिश कार लेकर मौके से भागने लगा। उस व्यक्ति ने परिजनों व पुलिस को सूचित किया। पुलिस व वादी पक्ष द्वारा पीछा किए जाने पर कार को करनपुर सिविल लाइन स्थित बीटू मॉल के पास रोककर पकड़ लिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आरोपी मो. आरिश को जेल भेज दिया।

## बारावफात पर गाजे बाजे के साथ निकला जुलूस, मांगी गई मुल्क में मोहब्बत की दुआ



**प्रतापगढ़।** बरावफात पर ग्रामीण एवं नगरीय इलाकों में जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहू अलहे वसल्लम को लेकर अकीदतमंदों में उत्साह का माहौल देखा गया। लालगंज टाउन एरिया में गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस में लोग परवर दिगार ए आलम से मुल्क में मोहब्बत की दुआ भी करते देखे गये। जुलूस में बड़ी संख्या में बुजुर्गो के साथ युवाओं का भी जोश देखा गया। हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर निकले जश्नी जुलूस मे बुजुर्ग व बच्चे जोश के साथ शामिल हुए। खानापट्टी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननबी से निकले जुलूस में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए। डीजे की धुन पर उत्साहित युवाओं को शामिल हुए देखा गया। जुलूस की अगुवाई हजरत मौलाना रहमानी मियां ने किया। यह जुलूस घुइसरनाथ रोड होते हुए चौक से तहसील तथा कालाकांकर रोड होते हुए संगम चौराहे से मदरसा वापस पहुंचा। इधर बाजार मे भी बरावफात का जुलूस शानोशौकत से निकला। एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी, लालगंज कोतवाल आलोक कुमार भी फोर्स के साथ सुरक्षा बंदोबस्त में मशक्कत करते दिखे।इधर इलाके के रामपुर बावली, जलेशरगंज बाजार, रानीगंज कैथौला, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, दीवानगंज, अठेहा, सेमरा, कुम्भीआइमा, नसीरपुर आदि इलाकों में भी बरावफात का जुलूस धूमधाम से निकला।

# कोटेदारों की समस्याओं के समाधान को हृदयनारायण दीक्षित से मिला प्रतिनिधिमंडल

## बीघापुर के कोटेदारों ने समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** उन्नाव जनपद की बीघापुर तहसील के सरकारी गल्ले की दुकानों के विक्रेताओं (कोटेदारों) का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री हृदयनारायण दीक्षित से लखनऊ स्थित दारुलशफा आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अपनी समस्याओं और मांगों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। **लाभांश बढ़ाने पर मुख्यमंत्री के आश्वासन का स्वागत** कोटेदारों ने बताया कि पूर्व में उन्हें 90 प्रति क्विंटल लाभांश मिलता था। हाल ही में राज्य सरकार की ओर से 25 पैसे तथा केंद्र सरकार की ओर से 10 पैसे की वृद्धि की गई है। इस प्रकार कुल 35 पैसे की वृद्धि हुई है। कोटेदारों ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने लाभांश में 25 पैसे की अतिरिक्त वृद्धि का आश्वासन भी दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने इसके लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। **गोदाम से दुकानों तक आपूर्ति और तौल में अनियमितता का मुद्दा** कोटेदारों ने प्रमुखता से बताया कि दुकानों पर उपभोक्ताओं को मशीन से तौलकर राशन दिया जाता है, लेकिन गोदाम से दुकानों तक आने वाले राशन की मशीन से तौल नहीं की जाती। उन्होंने मांग की कि गोदाम से दुकान तक भेजे जाने वाले राशन की नियमानुसार मशीन से तौल सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि शासनादेश के अनुसार राशन सीधे कोटेदार की दुकान तक पहुंचाया जाना चाहिए, लेकिन परिवहन ठेकेदारों द्वारा कई बार राशन दुकान से 2 से 3 किलोमीटर दूर उतार दिया जाता है। इससे कोटेदारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। कोटेदारों ने शासनादेश के अनुरूप बोरी/बारदाना का वजन काटकर शुद्ध खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग भी की। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग के कुछ अधिकारी कोटेदारों को मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान करते हैं। कोटेदारों ने बताया कि सरकार द्वारा उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से दुकानों पर खुले बाजार के अन्य किराना सामान की बिक्री की अनुमति दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अराजक तत्व कोटेदारों पर जबरन अधिक कीमत पर सामान बेचने का दबाव बनाते हैं। उनकी बात न मानने पर दुर्भावनापूर्ण तरीके से विभागीय कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाता है। प्रतिनिधिमंडल ने ऐसे मामलों में कोटेदारों को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाने की मांग की। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री हृदयनारायण दीक्षित ने कोटेदारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनकी जायज मांगों के संबंध में शासन स्तर एवं संबंधित उच्चाधिकारियों से वार्ता करेंगे तथा कोटेदारों का उत्पीड़न रोकने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे** प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रविकांत सिंह (पकरा खुर्द), राजेश कुमार त्रिवेदी (ग्राम बेहटा ससान), चुन्नीलाल (कोदरा भगतखेड़ा), राकेश कुमार (इन्देमऊ), सुरेश कुमार द्विवेदी (ककरारी), अवधेश सिंह (धानी खेड़ा), देशराज सिंह (रसूलपुर), धर्मेंद्र (ग्राम पुरई), सत्यम (ककरी), मोहित सिंह (पहाड़पुर), पंकज सिंह, सुशील सिंह, मिंटू सिंह, लल्लन सिंह एवं सूर्य प्रकाश बाजपेई सहित बीघापुर तहसील के तमाम कोटेदार उपस्थित रहे।

# प्राचीन पांडुलिपियां अतीत की जीवंत आवाज, संरक्षण

## इनके संरक्षण से अगली पीढ़ी तक पहुंचेगी ज्ञान की विरासत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रातापगढ़।** भारतीय ज्ञान, चिंतन-परंपरा, कला और संस्कृति इतनी अधिक प्राचीन है कि इसे ज्यादा प्राचीन और पूर्ण संस्कृति विश्व में दूसरी कोई नहीं है। अपनी विरासत को संरक्षित करने का जुनून ही इस महान संस्कृति का वाहक है। उक्त विचार जिला अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मंगलवार को प्रताप बहादुर पीजी कालेज और राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश) प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाण्डुलिपियों की चित्र प्रदर्शिनी एवं व्याख्या माला का उद्घाटन करते समय कहीं।उन्होंने इस विरासत को बचाने के लिए युवाओं और आमजनों से आगे आने की अपील की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता और कालेज के प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा की पांडुलिपियां अतीत के पृष्ठ मात्र नहीं है।

वे समय की जीवित आवाजें हैं, जिनसे हम अपनी सभ्यता को न केवल जान सकते हैं बल्कि उसे नए अर्थों में समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रदर्शनी केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि ज्ञान, स्मृति और भविष्य के बीच संवाद का एक महत्तवपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी राकेश कुमार वर्मा ने अभिलेखऔर पांडुलिपियों के संरक्षण और सर्वेक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान समय एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों का संरक्षण और सर्वेक्षण कार्य संपादित हुआ है, जिसमें प्रतापगढ़ के किसान आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित अनेक दस्तावजों का भी सर्वेक्षण किया गया है। राजकीय पांडुलिपि पुस्तकाय के हंसचंद्र दुबे ने युवाओं और आमजन से अपील की कि यदि किसी भी व्यक्ति की जानकारी में इस प्रकार की हस्तलिखित प्राचीन पांडुलिपियां अथवा दस्तावेज उपलब्ध हों तो उन्हें संरक्षित करने के लिए जानकारी प्रदान करें जिसे उनके महत्व को नष्ट होने से बचाया जा सके।

# विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ताईक्वांडो एकेडमी के चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक जीतकर शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश और भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। हैदराबाद में 21 अगस्त से 23 अगस्त को आयोजित हुए प्रथम विश्व ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर बुधवार को घर वापस लौटने पर चारों होनहार खिलाड़ियों व कोच बजरंगी राजपूत का शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिठाई खिलाकर और भारत का आन बान शान तिरंगा झण्डा के साथ फूल - मालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सौम्य प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक, प्रिंस ने स्वर्ण पदक, महक चौधरी ने स्वर्ण पदक तथा अंकिता कन्नौजिया ने रजत पदक हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। खिलाड़ियों के साथ में मौजूद कोच बजरंगी राजपूत ने कहा कि खिलाड़ियों की जीत देश की जीत है। अगर खिलाड़ियों को संसाधन व उचित वातावरण व सही मार्गदर्शन मिले तो जनपद की माटी से तमाम होनहार क्षितिज की ऊंचाइयों को छू सकेंगें। शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पदक विजेता खिलाड़ियों का भारतीय मानवाधिकार, सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष राजेंद्र रुंगटा , सभासद राजकुमार मोदनवाल एवं पी.पी.एस. पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव, राहुल चौधरी दिनेश कुमार, संदीप कुमार, अमरेंद्र सिंह, विनीत चौधरी, प्रकाश चंद्र, भीम मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

# शंकर विद्यालय इण्टर कालेज कटैया में अजगरा महान संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## आम नागरिक बनकर 'अजगरा महान संवाद' में शामिल हुए डीएम, सुने लोगों के विचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर के शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया में 'अजगरा महान संवाद-2026' (द ग्रेट अजगरा डिबेट) का आयोजन किया गया। संवाद की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करने और जनकेंद्रित, लोकतांत्रिक एवं वैचारिक संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ क्षेत्रीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में कुल 42 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और सवालों के जवाब देकर अपनी तार्किक क्षमता एवं अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय अधिकारी की भूमिका में नहीं, बल्कि एक आम नागरिक के रूप में प्रतिभागियों के बीच कुर्सी पर बैठकर पूरे महासंवाद में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां ध्यानपूर्वक सुनीं और उनके विचारों पर संवाद भी किया।

जिलाधिकारी ने कहा मैं यहां किसी अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक आम नागरिक बनकर लोगों के बीच इस संवाद का हिस्सा बनने आया हूं।जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद युवाओं में अपने विचार रखने, सवाल पूछने और अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का आत्मविश्वास विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि संवाद केवल विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में चिंतन और लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने का प्रभावी जरिया भी है। उन्होंने यक्ष-युधिष्ठिर संवाद जैसी प्राचीन वैचारिक परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी समृद्ध संवाद परंपरा आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना या विजेता चुनना नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा, ज्ञान और वैचारिक विरासत से जोड़ना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर पढ़ने, प्रश्न पूछने और तार्किक ढंग से अपनी बात रखने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में नम्रता विश्वकर्मा ने प्रथम, आशुतोष सिंह ने द्वितीय तथा रिद्धिमान शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ग्राम प्रधान रेनू सिंह के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, खंड विकास अधिकारी लक्ष्मणपुर संजय श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह 'तूफान सिंह' सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना से 60 वर्ष से अधिक महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली-** उत्तर प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से किया गया। इस अवसर पर विशेष बसों को फ्लैग-ऑफ किया गया। साथ ही, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा माताओं, बहनों एवं बेटियों को उनके एक सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन द्वारा लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं तथा विशेष रूप से मातृशक्ति को सुगम एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की गई।

ार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ के अंतर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं महिला कल्याण विभाग की पात्र बच्चियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य विभाग की जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को 1400 रुपए के डमी चेक वितरित किए गये, इसके साथ ही उपस्थित सभी लाभार्थियों को साड़ी व मिष्ठान दिया गया। इस अवसर पर उद्यान मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं स्वावलंबन को प्राथमिकता देते हुए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना वरिष्ठ महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी पहल है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की माताओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलने से उन्हें आवागमन में सुविधा होगी और वे अपने परिजनों एवं धार्मिक स्थलों तक सुगमता से पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करना प्रदेश सरकार की मातृशक्ति के प्रति संवेदनशीलता एवं सम्मान की भावना को दर्शाता है।

- **रक्षाबंधन के पावन अवसर पर माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा का भी शुभारंभ**
- **महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल-उद्यान मंत्री**

**प्रदेश सरकार ने महिलाओं को दिया सम्मान और सुरक्षा का भरोसा- विधायक अशोक कुमार**

# 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना वरिष्ठ महिलाओं के लिए बड़ी सौगात-प्रो. जयन्त खोत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ बुधवार को किया गया। साथ ही रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रदेश की सभी माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त बसों में 27 अगस्त प्रातः 6 बजे से 29 अगस्त रात्रि 12 बजे तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना का शुभारंभ करते हुए विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रतापगढ़ के तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में किया गया। कार्यक्रम का अवलोकन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के अध्यक्ष प्रो. जयन्त खोत, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य कुमार प्रजापति, उपजिलाधिकारी लालगंज वाचस्पति सिंह, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रतापगढ़ डिपो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. जयन्त खोत ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना प्रदेश की वरिष्ठ महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी पहल है। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाएं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में बिना शुल्क यात्रा की सुविधा का लाभ उठा सकेंगी। प्रो. खोत ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार, खेल, प्रशासन, कला, विज्ञान और अन्य सभी क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रही हैं।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रो. जयन्त खोत ने उपस्थित महिलाओं को मिष्ठान एवं परिधान भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य कुमार प्रजापति ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रतापगढ़ डिपो के अधिकारी एवं कर्मचारी सुरेश चन्द्र पाण्डेय, शिवाकान्त मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, रत्नाकर तिवारी, बृजेश सिंह, जय प्रकाश, सत्य प्रकाश सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय सहायक प्रथम महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# सिद्धार्थनगर में सरयू नहर में डूबकर बालक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के पथरा थाना क्षेत्र के सिसई खुर्द टेढ़ीया गांव निवासी एक बालक की सरयू नहर में डूबकर मौत हो गई। बताया जाता है कि अंश अपने साथी के साथ शौच के लिए घर से कुछ दूर सरयू नहर के किनारे गया था। वहां पानी की बोतल नहर में गिरने पर उसे निकालने के लिए अंश पानी में उतरा और गहरे पानी में डूब गया। साथी ने उसे बचाने क प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। लोगों ने उसे सरयू नहर से बाहर निकाला लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। बुधवार सुबह करीब आठ बजे हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पथरा थाना क्षेत्र के सिसई खुर्द (टेढ़िया चौराहा) निवासी प्रदीप कसौधन का पुत्र अंश कक्षा पांच का छात्र था।

बुधवार सुबह वह एक साथी के साथ घर से कुछ दूरी पर सरयू नहर के किनारे शौच के लिए गया था। परिजनों के अनुसार, पिता ने उसे घर में बने शौचालय में जाने के लिए कहा था, लेकिन वह नहीं माना। पानी को बोतल अचानक पानी में गिर गई। उसे निकालने के लिए अंश नहर में उतरा और देखते ही देखते गहरे पानी में चला गया। साथी बालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हुआ। वह भागकर टेढ़िया चौराहा पहुंचा लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नहर में तलाश शुरू की। अंश को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अंश पास के निजी विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ता था। वह तीन भाइयों में बीच का था। उसके बड़े भाई का नाम आयुष और छोटे भाई का नाम पीयूष है। हादसे की खबर मिलते ही घर पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बेटे की मौत से माता-पिता और स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रशासन की निगरानी में जुलूस-ए- मोहम्मदी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर हज़रत मुहम्मद (स.) के जन्मदिन बारह रबी उल अव्वल पर बुधवार को जामा मस्जिद के सदर अलताफ हुसैन के नेतृत्व में जुलूस-ए- मोहम्मदी ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी व पुलिस बल की निगरानी में अकीदत के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। अक़ीक़दतमन्दों ने नबी के जन्मदिन पर जगह-जगह पटाखे फोड़े गए और जुलूस में पूरे रास्ते अकीदतमंद 'नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर' रसूल क़ई आमद मरहबा और 'पत्ती पत्ती फूल फूल, या रसूल अल्लाह' के नारे लगाकर आवाज़ को बुलंद किया। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शाहिद रज़ा फैज़ी, मौलाना रज़ीउल्लाह और हाफिज कमाल अहमद समेत कई उलेमा ने जुलूस के दौरान नात और तकरीर पेश की। जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर गुजरा मोहल्ला, रमज़ान गली, निबी दोहनी होते हुए पुरानी तहसील रोड पहुंचा। वहां से वापस रमज़ान गली के सामने से पुलिस पिकेट, राम जानकी मंदिर, तिरंगा तिराहा और रेलवे स्टेशन माल गोदाम से वापस होते हुए नगर पंचायत कार्यालय, गोल घर और अंसारी गली से होते हुए जुलूस वापस जामा मस्जिद पर अमन-चैन और भाईचारे की दुआ के साथ संपन्न हुआ। कस्बा में निकले जुलूस को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम



किए। मुख्य मार्ग के चेतिया व मड़वा मोड़ पर बैरिकेडिंग कर लोगों को सुरक्षित व सुलभ रास्ता बताया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर अलताफ हुसैन, शाहरुख नवाब खान, डॉ. सरफराज अंसारी, हाफिज अजाज अहमद, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, डॉ. शादाब अंसारी, इंजीनियर एजाज अंसारी, डॉ. शाह आलम, व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल,असरफ अंसारी, वकील खान, एडीएम गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, सीओ मयंक द्विवेदी और थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे। बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर) । ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस निकाले गए। मुस्लिम समुदाय के लिए यह दिन बेहद खास होता है। इस्लाम धर्म के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब आदर्शो को याद किया जाता है।इस मौके पर मुसलमान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की याद में जश्न मनाते है। अकीदत के साथ शांति पूर्ण वतावरण में सपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब में चार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी, कैबिनेट मंत्री गुरमीत खुड्डियां ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने मंगलवार को पंजाब सिविल सचिवालय में विभाग के चार नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें तीन क्लर्क और एक ग्रुप-डी कर्मचारी शामिल हैं। मंत्री खुड्डियां ने नवनियुक्त कर्मचारियों को लगन, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रेरित किया। खुड्डियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने सत्ता संभालने के बाद से विभिन्न सरकारी विभागों में 69,000 से अधिक नौकरियां प्रदान की हैं। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक परमदीप सिंह वालिया सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, इससे पहले पंजाब के होनहार कबड्डी खिलाड़ी गुरजीत सिंह तूत के निधन से परिवार को हुए दुख में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उनके परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री ने गुरजीत सिंह तूत के परिवार के साथ दुख साझा करते हुए कहा कि उनके असमय निधन से पैदा हुई कमी को शब्दों में बयां करना बेहद मुश्किल है।

### जालंधर हाइट्स से गिरकर 21 वर्षीय छात्रा की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**जालंधर।** जालंधर हाइट्स से गिर कर शनिवार देर शाम 21 वर्षीय बीए अंतिम वर्ष की छात्रा की मौत हो गई। मृतका की पहचान महकप्रीत कौर के रूप में हुई है। वह जालंधर हाइट्स स्थित एक फ्लैट में रहती थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में घटना आत्महत्या से जुड़ी होने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अधिकारियों ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में घटना के पीछे के कारणों को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, महकप्रीत शनिवार शाम टहलने के लिए निकली थी। इसके बाद वह फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गई। ऊंचाई से गिरने के बाद उसे गंभीर चोटें आईं। स्वजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### मान सरकार ने वेतन में की बंपर बढ़ोतरी

**चंडीगढ़।** राज्य सरकार ने आदर्श स्कूलों में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के वेतन में 120 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के करीब 1,100 शिक्षकों को लाभ मिलेगा। इन शिक्षकों का मासिक वेतन करीब 10 हजार रुपये से बढ़कर 22 हजार रुपये से अधिक हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को यह निर्णय शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें सम्मान के साथ उचित वेतन मिलना चाहिए। इसीलिए करीब दो दशक से कम वेतन पर सेवाएं दे रहे आदर्श स्कूलों के शिक्षकों की जायज मांग को सरकार ने स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त इन आदर्श स्कूलों में 15 हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों को आर्थिक सुरक्षा और बेहतर सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराना विद्यार्थियों के भविष्य के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक सुरक्षित और सम्मानित महसूस करेंगे तो वे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे।

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बोर्ड को मिली वसूली की शक्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नोएडा।** प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों और अन्य संस्थाओं पर अब कार्रवाई और प्रभावी हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वैधानिक शक्तियों के तहत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति निर्धारित करने के साथ उसकी वसूली भी कर सकते हैं। हालांकि, ऐसी कार्रवाई में निर्धारित प्रक्रिया और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक होगा। इस फैसले के बाद उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, निर्माण एजेंसियों और अन्य जिम्मेदार संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करने में तेजी आने की उम्मीद है। पहले पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली को लेकर अधिकार और प्रक्रिया पर कानूनी विवाद बना हुआ था। उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जुलाई 2025 में एक मामले में कहा था कि बोर्ड के पास स्वतंत्र रूप से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने और वसूलने का वैधानिक अधिकार नहीं है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के फैसले से इस कानूनी स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव आया।

**वसूली की प्रक्रिया में आएगी तेजी**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अब प्रदूषण के मामलों में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकेगा। इससे प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर आर्थिक जिम्मेदारी तय करने और पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई की दिशा में कार्रवाई तेज होने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्षतिपूर्ति लगाने या वसूलने की शक्ति का इस्तेमाल निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए। संबंधित पक्ष को उचित अवसर देना और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक होगा।

**लंबित मामलों पर भी नजर**

प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े पुराने मामलों में लंबित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली को लेकर भी अब कार्रवाई तेज होने की संभावना है। नई कानूनी स्थिति से प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अधिक प्रभावी तरीके से कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। इससे उद्योगों और अन्य संस्थाओं पर पर्यावरणीय नियमों के पालन का दबाव बढ़ेगा और प्रदूषण नियंत्रण की मुहिम को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### चीनी-चावल की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस का हल्लाबोल, चंडीगढ़ में प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** बढ़ती महंगाई और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में पंजाब कांग्रेस ने बुधवार को चंडीगढ़ में प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-15 स्थित पंजाब कांग्रेस भवन से केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कांग्रेस भवन से करीब एक किलोमीटर पहले ही बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चीनी, चावल और अन्य खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रोष जताया। नेताओं ने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं महंगी होने से आम परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई का सीधा असर आम लोगों की रसोई और घरेलू खर्च पर पड़ रहा है। परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पहले से अधिक पैसा खर्च करना पड़ रहा है।

## लगातार बारिश से भरभरा कर गिरे दो कच्चे घर





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मंगलवार की रात से ही हो रही लगातार बारिश के चलते सुबह करीब 9 बजे दो कच्चे घर भरभरा कर गिर पड़े । दोनों हादसों में एक किशोरी एवं एक महिला मलबे में दब कर घायल हो गई जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर देख उसे उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, नगर के मुहल्ला भगत सिंह नगर रामतलैया पर अतर सिंह पुत्र लालू अपनी पत्नी राखी (32) और तीन बच्चों के साथ कच्चे घर में रहता है। लगातार बारिश होने के कारण बुधवार की सुबह करीब 9 बजे अचानक भरभरा कर उसका घर गिर गया। हादसे में महिला राखी मलबे में दबकर घायल हो गई। परिजनों और पड़ोस के लोगों ने उन्हें मलबे में से बाहर निकाला और सीएचसी में भर्ती कराया। परिजनों के अनुसार सरकारी आवास के लिए करीब दो साल पहले उन्होंने आवेदन किया था लेकिन अभी तक सरकारी आवास का लाभ उन्हें नहीं मिल सका है। वहीं दूसरी घटना तहसील क्षेत्र के ग्राम महेशपुरा में हुई। यहां सुनील वर्मा की 17 वर्षीय बेटी महक अपने दो भाइयों के साथ कच्चे घर के भीतर थी तभी सुबह करीब 6 बजे घर गिरने से महक मलबे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। दैनिक कार्यों से निवृत होकर उसके माता पिता घर लौटे तब उन्होंने मलबे में से बेटी को बाहर निकाला और सीएचसी लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## कांग्रेस सेवा दल ने मनाई संस्थापक डॉ. हार्डिकर की पुण्यतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज कांग्रेस सेवा दल, कानपुर नगर ग्रामीण द्वारा संस्थापक, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम महाराजपुर, छावनी विधानसभा स्थित कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. हार्डिकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उन्हें नमन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण दीक्षित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. हार्डिकर ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, अनुशासन और संगठन को समर्पित किया। उनके द्वारा स्थापित कांग्रेस सेवा दल आज भी सेवा, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष/हमीरपुर प्रभारी सेवक सुशील सोनी ने कहा कि ड्ढ 'डॉ. हार्डिकर ने युवाओं को संगठित कर कांग्रेस सेवा दल की नींव रखी थी। उनका मूल मंत्र ड्यूटी, डिवोशन और डिसिप्लिन था। आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है और गरीब, असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' इस अवसर पर मानव सेवा के संकल्प के साथ फल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष/हमीरपुर प्रभारी सेवक सुशील सोनी, शहर अध्यक्ष मोहम्मद तारीख, जिला सचिव डॉ. आरके सिंह, उपाध्यक्ष नीलम गुप्ता, महासचिव मनोज विमल, रवि कुमार, आयुष दीक्षित, सोनू कुमार, रमेश निषाद, विनय जायसवाल सहित नगर ग्रामीण के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी, सपा महानगर अध्यक्ष ने जुलूस-ए-मोहम्मदी का किया शानदार इस्तकबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शहर में आज ईद-मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही अकीदत, एहतराम और धूमधाम के साथ मनाया गया। पैगंबर मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (जन्म दिवस) के इस मुबारक मौके पर पूरे शहर में रौनक नज़र आई और जगह-जगह जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इस खास अवसर पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की क़ियादत में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर के कई प्रमुख चौराहों पर जुलूस का बहुत ही भव्य इस्तकबाल किया। हाजी फ़ज़ल महमूद के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों पर जगह-जगह फूलों की बारिश की और उन्हें गले लगाकर ईद-मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद पेश की। इस दौरान शहर में कानपुर की पुरानी गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे का खूबसूरत नज़ारा देखने को मिला। स्थान-स्थान पर लगाए गए कैंपों में जुलूस में चल रहे लोगों की ख़ातिरदारी के लिए ठंडे पानी, शरबत, चाय और तबर्रुक के वितरण का बेहतरीन इंतज़ाम किया गया था। इस मुबारक मौके पर हाजी फ़ज़ल महमूद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब का जीवन पूरी इंसानियत के लिए अमन, रहमदिली और आपसी मोहब्बत का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में उनकी तालीमात (शिक्षाओं) पर चलना और उनके बताए रास्ते को अपनाना बेहद ज़रूरी है, ताकि समाज से नफ़रतें ख़त्म हों और हर तरफ़ अमन-चैन कायम हो सके। आगे उन्होंने जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल सभी आशिक़ान-ए-रसूल और शहरवासियों को पूरे खुलूस के साथ ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। हाजी साहब ने कहा कि पैगंबर साहब का दुनिया में आना पूरी इंसानियत के लिए अल्लाह की सबसे बड़ी रहमत है। उन्होंने अवाम से अपील की कि इस मुक़द्दस दिन पर हुज़ूर के बताए हक़ और सच्चाई के रास्ते पर चलने का संकल्प लें, गरीबों व बेसहारा लोगों की मदद करें और मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए बारगाह-ए-इलाही में दुआएं करें। इस मुबारक मौके पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, हाजी अबरार, शबाब अबरार, फैसल महमूद, जावेद महमूद, उमर महमूद,अहमर फजल, शुफियान, शाहनवाज खान शानू, फैसल बेग, अली, अयान, अजान आदि लोग प्रमुख रहे।

## मेडिकल इंटर्न्स का स्टाइपेंड बढ़ाने के कैबिनेट फैसले का अभाविप ने किया स्वागत

### अभाविप ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपकर की थी वृद्धि की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों और चिकित्सा विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस एवं बीडीएस इंटर्न्स के मासिक मानदेय को 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। परिषद ने इसे मेडिकल विद्यार्थियों और इंटर्न्स की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अभाविप के अनुसार, संगठन ने मेडिकल इंटर्न्स के सम्मानजनक मानदेय की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के समक्ष लगातार विषय उठाया था। इसी क्रम में पूर्व में उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपकर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग की गई थी। परिषद ने कहा कि मेडिकल इंटर्न स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इंटर्नशिप के दौरान उन्हें लंबे समय तक ड्यूटी, रात्रिकालीन एवं आपातकालीन सेवाओं के साथ मरीजों की देखभाल और चिकित्सकीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ता है। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण कई इंटर्न्स को भोजन, आवागमन, आवास और अन्य आवश्यक खर्चों के प्रबंधन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**केंद्रीय संस्थानों से असमानता का मुद्दा उठाया था**

अभाविप ने कहा कि केंद्रीय संस्थानों और अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश में मेडिकल इंटर्न्स को मिलने वाले स्टाइपेंड में असमानता का मुद्दा भी संगठन ने प्रमुखता से उठाया था। ऐसे में मानदेय में वृद्धि से इंटर्न्स को उनकी जिम्मेदारियों और परिश्रम के अनुरूप आर्थिक सहयोग मिलेगा। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि मेडिकल इंटर्नशिप युवा चिकित्सकों के लिए सीखने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण अवधि होती है। लंबे ड्यूटी आवर्स, रात्रिकालीन और आपातकालीन ड्यूटी तथा मरीजों की गंभीर स्थिति से निपटने की जिम्मेदारियों के बीच इंटर्न्स को अपनी पढ़ाई और व्यक्तिगत आवश्यकताओं का भी प्रबंधन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विशेषकर दूसरे शहरों में रहकर इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों के सामने आवास, भोजन और आवागमन का खर्च बड़ी चुनौती रहता है। ऐसे में स्टाइपेंड को 12 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया जाना उनके श्रम और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय है। अभाविप ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन आगे भी विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से शासन के समक्ष उठाता रहेगा।

## ईद मिलादुन्नबी पर सर्वधर्म सम्मान से दिया सद्भावना का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कुल हिंद जमीअतुल आवाम एवं अंजुमन आमदे रसूल कमेटी के संयुक्त जुलूस ए मिलाद जुलूस ए मोहम्मदी निकल गया साथ ही पैगंबर के जन्मदिन पर लंगर ए रसूल नातिया प्रोग्राम भी हुआ जश्ने चिराग के मौके पर संगठन के पदाधिकारी ने कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों एवं सम्मानित समाजसेवी को का सम्मान किया महबूब आलम खान ने बताया कि जुलूस सकुशल संपन्न हुआ एसीपी कलेक्टर गंज आनंद ओझा थाना प्रभारी राहुल कटिहार चौकी प्रभारी शादाब खान सहित पुलिस टीम को सम्मानित भी किया गया पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रोशनी से कुली बाजार की गलियां जगमगा उठी जगह-जगह लोगों ने कुरान की तिलावत के लिए कुरान खान कराया लोगों ने स्टार लगाकर अपने नबी मोहम्मद साहब के नाम पर खूब बात सभी संगठन के लोगों ने अच्छे काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया इस मौके पर कल हिंद जमी अतुल आवाम द्वारा सम्मान समारोह किया गया इसी प्रकार उत्तर प्रदेश जमातुर राइन कानपुर जमातुर राइन के पदाधिकारियों ने कुली बाजार क्षेत्र की सभी अंजुमनों को मोमेंटो माला पहनकर सम्मानित किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हारून राइन जिला अध्यक्ष मेहताब सुल्तान आलम नगर अध्यक्ष हाजी अली वारिस मोहम्मद मेराज मोइनुद्दीन राइन मोहम्मद साबिर मुजम्मिल राइन आदि ने क्षेत्रीय पार्षद सुशील तिवारी गुड्डू चौधरी जावेद बबलू मोहम्मद रिजवान मोहम्मद आकिब गुलाम नबी अमित चौरसिया मोहम्मदी इमरान मोहम्मद रफी आदि लोगों को सम्मानित किया इसी प्रकार कामरेड मोहम्मद वास द्वारा स फ ई संगठन के पदाधिकारी यो की उपस्थिति में कैंप लगाकर जुलूस ए मिलाद का स्वागत किया।

### कल पंजाब के सरकारी दफ्तरों का काम रहेगा ठप

**चंडीगढ़।** पंजाब में सरकारी कामकाज कराने वाले लोगों के लिए 27 अगस्त का दिन परेशानी वाला रहेगा। सांझा मुलाजिम मंच पंजाब एंड यूटी के आह्वान पर प्रदेश के करीब तीन लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी और चार लाख से अधिक पेंशनभोगी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय महाहड़ताल करेंगे। इसका असर सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों, स्कूलों, तहसीलों से लेकर सरकारी बस सेवाओं तक देखने को मिलेगा। हालांकि संगठन ने स्पष्ट किया है कि यह पंजाब बंद नहीं, बल्कि सरकारी कर्मचारियों की महाहड़ताल है। बाजार, दुकानें और निजी संस्थान सामान्य रूप से खुले रहेंगे। महाहड़ताल में सरकारी विभागों के ड्राइवर भी शामिल होंगे। ऐसे में अधिकारियों की सरकारी गाड़ियां भी नहीं चलेंगी। पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी के नियमित ड्राइवर-कंडक्टर भी काम पर नहीं आएंगे। यूनियन के अनुसार बसों को डिपो से बाहर नहीं निकाला जाएगा। हालांकि किसी तरह का चक्का जाम नहीं किया जाएगा और निजी वाहनों की आवाजाही सामान्य रहेगी।

## गाजियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में चला यूपीसीडा का बुलडोजर, एक हजार से अधिक अवैध कब्जे ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गाजियाबाद।** लोहा मंडी और एसएसजीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण बढ़ रही जाम, गंदगी और आपराधिक गतिविधियों की शिकायतों के बाद यूपीसीडा ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। उप महाप्रबंधक सलिल यादव के नेतृत्व में टीम ने दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में बुलडोजर चलाकर एक हजार से अधिक अवैध खोखे, झुग्गियां और ठेलियां हटाईं। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों ने विरोध भी किया, लेकिन टीम ने अभियान जारी रखा। औद्योगिक संगठनों की ओर से लंबे समय से उद्योग बंधु की बैठकों में अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होने, कूड़ा फैलने और अपराध बढ़ने की शिकायतें की जा रही थीं। विशेष रूप से शाम के समय फैक्ट्रियों से काम खत्म कर लौटने वाली महिला कामगारों के साथ छेड़खानी की शिकायतें सामने आने के बाद कार्रवाई की मांग तेज हुई थी। औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे लगे खान-पान के खोखे और ठेलियां धीरे-धीरे असामाजिक तत्वों के जमावड़े का स्थान बन गए थे। तीन दिन पहले एक महिला कामगार के साथ आमलेट के खोखे के पास खड़े शराबियों द्वारा छेड़खानी की घटना के बाद मौके पर हंगामा पर पुलिस भी पहुंची थी। खोखे और ठेलियों पर खाना खाने के बाद लोग दोना-पत्तल, पालिथीन और अन्य कूड़ा नाले-नालियों में डाल देते थे। इससे सफाई के बावजूद नाले बार-बार चोक हो जाते थे और बारिश या नालियों का पानी सड़क पर भर जाता था।

**स्ट्रीट लाइट से डाल रखी थी कटिया**

अतिक्रमणकारियों ने खोखों और दुकानों पर लाइट, पंखे और इन्वर्टर चलाने के लिए स्ट्रीट लाइट की लाइन में अवैध कटिया डाल रखी थी। अधिक लोड होने पर एमसीबी ट्रिप हो जाती थी, जिससे मार्ग की स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण अंधेरा छा जाता था। उद्यमियों के अनुसार अंधेरा होने से असामाजिक गतिविधियों की आशंका और बढ़ जाती थी।

**जाम के साथ अपराध भी बन गया था बड़ी समस्या**

औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क किनारे अवैध कब्जों के कारण वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। उद्यमियों के अनुसार मारपीट, लूटपाट और छेड़खानी जैसी घटनाओं की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इससे फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ उद्यमियों को भी आने-जाने में परेशानी होती थी। अतिक्रमण हटने से यातायात व्यवस्था और सुरक्षा में सुधार की उम्मीद है।

**तीन-चार दिन और चलेगा अभियान**

यूपीसीडा उप महाप्रबंधक सलिल यादव ने बताया कि लोहा मंडी और एसएसजीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। पहले चरण में एक हजार से अधिक अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं। अभियान अभी तीन से चार दिन और जारी रहेगा। औद्योगिक क्षेत्रों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ ही मार्गों को सुगम बनाने पर जोर है।

## नगर निगम घोटालों की जांच में एसआईटी ने दस्तावेज कब्जे में लिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर निगम में कथित घोटालों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) बुधवार को नगर निगम पहुंचा। एडीसीपी डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में टीम ने करीब पांच घंटे तक अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की तथा विकास कार्यों, निविदाओं, भुगतान और फर्म पंजीकरण से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। एसआईटी ने नामजद पांच फर्मों समेत अन्य फर्मों से जुड़े विकास कार्यों, टेंडर, भुगतान और पंजीकरण से संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लिए। टीम ने मुख्य अभियंता एसएफए जैदी के कार्यालय में पहुंचकर संबंधित फाइलों की पड़ताल की। जांच के दौरान कैला देवी फर्म से जुड़े भुगतान संबंधी दस्तावेजों में कुछ कमियां भी सामने आने की बात कही जा रही है। टीम ने आवश्यक दस्तावेजों के फोटो और प्रिंटआउट भी लिए।

**अधिकारियों और कर्मचारियों से हुई पूछताछ**

एसआईटी सुबह करीब 11:30 बजे नगर निगम पहुंची और शाम लगभग पांच बजे तक जांच एवं पूछताछ जारी रही। टीम ने मुख्य अभियंता एसएफए जैदी के अलावा अधिशासी अभियंता दिवाकर भास्कर और आरके सिंह से भी पूछताछ की। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी भूपेंद्र सिंह और अजय पांडेय से भी आवश्यक दस्तावेज मांगे गए। ठेकेदारों के खिलाफ जिन अधिकारियों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई है, एसआईटी ने उनके वीडियो बयान भी दर्ज किए। जांच में सहयोग के लिए अधिकारियों से निर्धारित प्रपत्र पर हस्ताक्षर भी कराए गए। एसआईटी की कार्रवाई से नगर निगम परिसर में काफी देर तक हलचल बनी रही। टीम अब कब्जे में लिए गए दस्तावेजों और जांच के दौरान सामने आई कमियों की पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य सचिव की सख्ती के बाद नगर निगम से जुड़े मामलों में कार्रवाई तेज हुई है। मंगलवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर सात फर्मों के खिलाफ छह अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई गई थीं। पुलिस ने दो ठेकेदारों को गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में नामजद गोविंद शर्मा फरार बताया जा रहा है। वह आगरा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार गोविंद शर्मा की फर्म को सबसे अधिक ठेके मिलने की बात सामने आई है। इसके अलावा करीब 100 करोड़ रुपये के टेंडर भी निरस्त किए गए हैं। एसआईटी अब फर्मों के पंजीकरण और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।